दैनिक
# पूर्णविराम

भोपाल एवं मुंबई से प्रकाशित www.purnviram.co.in ▪ वर्ष: 15 ▪ अंक: 136 ▪ मुंबई, रविवार ,29 सितंबर 2024 ▪ पृष्ठ 8 ▪ मूल्य रु. 2 RNI NO. MAHHIN/2010/35741

### निर्वाचन आयोग ने की इलेक्शन तैयारियों की समीक्षा

## महाराष्ट्र में दशहरे के बाद बजेगा चुनावी बिगुल



संवाददाता ■ मुंबई

महाराष्ट्र में लगता है जल्द ही चुनाव का बिगुल बजने वाला है। निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। सीईसी ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू के साथ महाराष्ट्र में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही राज्य पुलिस के अधिकारियों को 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज किये गये चुनावी अपराध से जुड़े मामलों की जांच तेज करने का भी निर्देश दिया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने महाराष्ट्र में सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों के खिलाफ भी कार्रवाई का आदेश दिया। राज्य में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। बता दें कि निर्वाचन आयोग का दल महाराष्ट्र में चुनाव तैयारियों की समीक्षा करने मुंबई में है। उसने जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, निगम आयुक्तों, संभागीय आयुक्तों और राज्य सरकार के अन्य सीनीयर अधिकारियों के साथ बैठक की।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पोलिंग बूथों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में 1 लाख 186 मतदान केंद्र हैं। 42,558 शहरी बूथ और 57,600 ग्रामीण बूथ हैं। 350 बूथों का प्रबंधन युवाओं द्वारा किया जाएगा, 299 बूथों का प्रबंधन दिव्यांगों द्वारा किया जाएगा और 388 बूथों का प्रबंधन केवल महिलाओं द्वारा किया जाएगा। राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग शहरी क्षेत्रों में 100 फीसदी बूथों पर सीसीटीवी कवरेज सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करेगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी 50 फीसदी से अधिक बूथों को सीसीटीवी से कवर करने का प्रयास किया जाएगा। बता दें कि चुनाव की आहट होते ही सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली हैं। सभी पार्टियों ने अपनी तैयारियों शुरू कर दी हैं। सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी में सीट बंटवारे के लिए बैठकों का दौर जारी हैं। जल्द ही दोनों गठबंधन सीट शेयरिंग को लेकर भी ऐलान कर सकते हैं।

#### अगले महीने हो सकती है घोषणा

आयोग ने पुलिस अधीक्षकों से लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी अपराधों को लेकर दर्ज की गई प्राथमिकियों की वस्तुस्थिति की जानकारी भी मांगी और कर्मियों, ईवीएम एवं सोशल मीडिया से संबंधित सभी मामलों की समीक्षा करने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं एस एस संधू महाराष्ट्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर तक है। अगले महीने चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा होने की उम्मीद है।

#### मतदान केन्द्रों पर इंतजाम की


CEC ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से मतदान केन्द्रों का दौरा कर सभी इंतजाम की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने उनसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में स्थित मतदान केन्द्रों पर कतार में खड़े मतदाताओं के लिए बेंच, पेयजल तथा वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जिला निर्वाचन अधिकारियों से यह भी कहा कि वे उन स्थानों पर मतदाताओं को मार्गदर्शन देने के लिए उचित संकेतक और दिशा-निर्देश सुनिश्चित करें, जहां एक ही स्थान पर कई मतदान केंद्र हैं।

#### फर्जी खबरों पर सख्त सीईसी

सीईसी ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों का प्रसार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। सीईसी ने सभी मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों को राज्य में मतदान के दिन मतदाताओं की कतारों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## एअर इंडिया फ्लाइट के खाने में कॉकरोच मिला

### मां-बेटे को फूड पॉइजनिंग हुई



एजेंसी ■ दिल्ली

दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट के नाश्ते में एक कॉकरोच मिला। घटना 17 सितंबर की है। एक महिला ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके मामले की जानकारी दी। पैसेंजर महिला ने बताया कि उन्हें और उनके 2 साल एक बेटे को फूड पॉइजनिंग हुई। अब वे एअर इंडिया की फ्लाइट में सफर नहीं करेंगी।

एअर इंडिया ने मामले को लेकर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि वे पैसेंजर के एक्सपीरियंस को लेकर चिंतित हैं। वे मामले की जांच करेंगे। साथ ही कैटरिंग सर्विस देने वाली कंपनी से भी बात करेंगे।

सुयशा सावंत नाम की एक महिला अपने दो साल के बच्चे के साथ दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही थी।

इस दौरान नाश्ते में ऑमलेट मिला। उन्होंने अपने बेटे के साथ नाश्ता किया। हम नाश्ता ही कर रहे थे कि मुझे कॉकरोच दिख गया। मैं घबरा गई। थोड़ी ही देर में पेट दर्द होने लगा। महिला ने बताया कि इसके बाद उन्हें और उनके बेटे को फूड पॉइजनिंग हो गई।

#### कहा- एअर इंडिया की फ्लाइट में सफर करने में डर लग रहा

महिला ने बताया कि उनकी फैमिली ज्यादातर एअर इंडिया में ही सफर करते हैं। कई बार बहुत परेशानी झेली है, लेकिन अब कॉकरोच का मिलना कुछ ज्यादा ही बड़ी घटना है। अब हमें एअर इंडिया के साथ सफर करने में डर लग रहा है।

इसी साल 16 जून को एअर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में एक पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिली थी। इसके बाद एअर इंडिया ने माफी मांगी थी।

दरअसल, मैथुरेस पॉल नाम का पैसेंजर एअर इंडिया की फ्लाइट से बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को जा रहा था। जब उसे खाने में ब्लेड मिली तो उसने सोशल मीडिया पर दो फोटो शेयर कीं। पॉल ने लिखा, एअर इंडिया का खाना चाकू की तरह काट सकता है। भुने हुए शकरकंद और अंजीर चाट में एक मेटल का टुकड़ा मिला, जो ब्लेड जैसा दिख रहा था। मुझे इसका एहसास कुछ सेकेंड तक खाना चबाने के बाद ही हुआ।

### संक्षिप्त समाचार

#### बेंगलुरु के प्रतिष्ठित ताज वेस्ट एंड होटल को बम से उड़ाने की धमकी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के प्रतिष्ठित ताज वेस्ट एंड होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। यह धमकी ईमेल के द्वारा दी गई, पुलिस ने जांच में इस धमकी को फर्जी करार दिया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को अज्ञात अपराधियों ने एक ईमेल के द्वारा होटल में बम होने की धमकी दी। यह होटल प्रमुख राजनेताओं और क्रिकेटरों की मेहमान नवाजी के लिए मशहूर है। धमकी मिलने के बाद, पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने होटल पहुंचकर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान, पुलिस ने होटल के पूरे परिसर की जांच कर पाया कि यह धमकी फर्जी थी।

#### कांग्रेस का वादा हर माह महिलाओं को 2 हजार रुपये की मदद

**चंडीगढ।** कांग्रेस ने आज यानी शनिवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणा-पत्र कर दिया है। 40 पेजों के घोषणा-पत्र में कांग्रेस ने कई वादे किए गए हैं, जिनमें 25 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज और महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपए की आर्थिक मदद देना शामिल है। इसके साथ ही, सतलुज-यमुना लिंक नहर से पानी लेने का भी वादा किया गया है। दिल्ली में पिछले हफ्ते कांग्रेस ने हरियाणा के लोगों के लिए सात वादे-पक्के इरादे की घोषणा की थी, जो कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में पेश की गई थी।

#### पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश भी हिंदुस्तान में हो शामिल- रिजवी

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रिजवी बरेलवी ने एक वीडियो संदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के उस बयान का समर्थन किया जो उन्होंने पीओके को लेकर कही थी। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि जम्मू कश्मीर में इस वक्त चुनाव चल रहे हैं। चुनाव के मद्देनजर सीएम योगी ने जम्मू कश्मीर का दौरा किया और वहां भाषण दिया। सीएम योगी ने अपने भाषण में कहा था कि सिंध के बगैर हिन्द मुकम्मल नहीं और चुनाव जीतने के बाद कश्मीर, जो पाकिस्तान के नियंत्रण में है, उसे हिंदुस्तान में शामिल किया जाएगा।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का नॉर्थ-ईस्ट में विरोध, प्रदर्शनकारियों ने कहा- बीफ हमारा खानपान का हिस्सा

एजेंसी ■ शिलांग



नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के बाद अब मेघालय में भी शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज की 'गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा' का विरोध शुरू हो गया है।

पूर्वी खासी हिल्स जिले के जिला मजिस्ट्रेट ने धारा 163 बीएनएसएस के तहत निषेधाज्ञा जारी कर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूत्रों के अनुसार, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज को मेघालय में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। राज्य सरकार ने यह निर्णय यात्रा के विरोध को देखते हुए लिया है। शंकराचार्य को गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा के तहत शनिवार को मेघालय पहुंचना था, जो गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर हो रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को शंकराचार्य के चार्टर्ड विमान को उतरने की अनुमति नहीं देने के लिए सूचित किया है। शंकराचार्य के शुक्रवार को पहुंचने की खबर मिलने के बाद, कई समूह के सदस्य शिलांग हवाई अड्डे पर विरोध प्रदर्शन के लिए पहुंच गए थे। प्रदर्शनकारियों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि असम को छोड़कर नॉर्थ-ईस्ट के सभी राज्यों में गोमांस खानपान का प्रमुख हिस्सा है। वे इस बात को बर्दाश्त नहीं करेंगे कि कोई उन्हें बताए कि उन्हें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं।

## कोर्ट का निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर का आदेश

### इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप, कर्नाटक सीएम ने इस्तीफा मांगा

एजेंसी ■ नई दिल्ली



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड के जरिए कथित जबरन वसूली के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। ये आदेश बेंगलुरु की पीपुल्स रिप्रेजेंटेटिव कोर्ट ने दिया है। जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु की अदालत में शिकायत दर्ज कर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी।

आदर्श अय्यर ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉन्ड के जरिए धमकी देकर जबरन वसूली की गई। जन अधिकार संघर्ष परिषद ने पिछले साल अप्रैल में 42वें,एसीएमएम कोर्ट में याचिका दायर कर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ईडी अधिकारियों, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के अन्य राष्ट्रीय नेताओं, बीजेपी के तत्कालीन कर्नाटक अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, बी वाई विजयेंद्र के खिलाफ शिकायत की थी। अदालत ने शिकायत पर सुनवाई करते हुए बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस थाने को चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

बेंगलुरु की अदालत ने याचिकाकर्ता की शिकायत पर विचार करने के बाद बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता बालन ने दलीलें रखीं। मामले की सुनवाई 10 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

बता दें कि केंद्र सरकार ने 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना शुरू की। इस योजना के तहत सरकार राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे में नकद दान को खत्म करना था, ताकि राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बनी रहे। इसके बाद एसबीआई के चुनावी बॉन्ड के जरिए लोग राजनीतिक दलों को चंदा दे सकते हैं।

## अब मौसम विभाग लोगों को देगा नमी की भी जानकारी

एजेंसी ■ नई दिल्ली



गर्मी, सर्दी और बारिश की जानकारी देना वाले मौसम विभाग (आईएमडी) अब नमी स्तर की जानकारी भी लोगों को देगा। नमी का महत्व आमतौर पर बारिश के सीजन में ज्यादा होता है। नमी बढ़ने से इंसान इस मौसम में खुद को असहज महसूस करता है और उसके बीमार पड़ने की संभावना बनी रहती है। अब आईएमडी ने यह सुविधा आम लोगों के लिए शुरू की है। सात दिनों की न्यूनतम और अधिकतम नमी का फॉरकास्ट लोग जान सकेंगे। एक ही जगह उन्हें दिल्ली ही नहीं बल्कि देश के सभी हिस्सों की नमी की जानकारी मिल सकेगी।

लोगों को इसके लिए मौसम विभाग की वेबसाइट पर जाना होगा। इस पेज पर जाकर उन्हें उस शहर को क्लिक करना होगा, जिसकी नमी के स्तर का हाल जानना चाहते हैं। इसके बाद उनके सामने मौसम की पूरी जानकारी आ जाएगी। यहां उन्हें अगले सात दिनों के अधिकतम तापमान, न्यूनतम तापमान, बारिश या बादलों की कितनी संभावना है, मौसम संबंधित वॉर्निंग जारी की गई है या नहीं और नमी के स्तर की जानकारी मिल सकेगी।

### फ्रांस ने भारत को यूएन सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य बनाने क्यों की सिफारिश

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र की 79वीं बैठक में भारत को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट देने की सिफारिश की है। मैक्रों ने कहा कि जी-4 के देश जिसमें भारत, ब्राजील और जापान हैं, को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने की अपील की। इसके अलावा रुस भी सुरक्षा परिषद में भारत की आजादी के बाद से ही उसके स्थायी प्रतिनिधित्व का पक्षधर रहा है। इसके बाद 21वीं सदी आते-आते भारत की जैसे-जैसे विदेश नीति में धमक बढ़ी तो ब्रिटेन और अमेरिका भी भारत के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधित्व के पक्षधर हो गए।

### आयुष्मान में अब 170 आयुर्वेदिक पैकेज होंगे शामिल

## जन औषधि केंद्रों की तरह आयुष औषधि केंद्र भी किए जाएंगे शुरु

एजेंसी ■ नई दिल्ली

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना में अब आयुर्वेदिक पैकेजों को भी शामिल किया जाएगा। इसके लिए आयुष मंत्रालय ने तैयारी कर ली है। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने बताया कि आयुष उपचार को मेनस्ट्रीम हेल्थकेयर सिस्टम से जोड़ने के लिए यह पहल की जा रही है साथ ही बीमा कंपनियों से भी बातचीत चल रही है। शुरुआत में 170 आयुर्वेदिक पैकेजों को आयुष्मान योजना में शामिल किया जाएगा। जैसे-जैसे मांग बढ़ेगी, पैकेज की संख्या में भी बढ़ोतरी की जाएगी। इसके अलावा, एलोपैथी दवाओं के लिए शुरू किए गए जन औषधि केंद्रों की तरह आयुष औषधि केंद्र भी शुरू किए जाएंगे।

अक्टूबर में दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में आयुष औषधि केंद्र शुरू हो जाएगा। आयुष मंत्रालय की योजना छोटे-छोटे गांवों में भी ऐसे मेडिकल स्टोर खोलने की है। इन स्टोर में लोगों को कम कीमत में आयुर्वेदिक दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव का कहना है कि आयुर्वेद, होम्योपैथिक, यूनानी चिकित्सा में प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों के सामने एक समस्या होती है कि जो दवाईयां लिखी जाती हैं, मरीजों को उनमें से कई दवाइयां नहीं मिलती। मेडिकल स्टोर्स पर भी आयुष की कम ही दवाएं होती हैं, लेकिन अब इनके लिए स्पेशल मेडिकल स्टोर खोले जाएंगे। प्राइवेट पार्टनरशिप में ऐसे केंद्र शुरू करने का विकल्प होगा। आयुष मंत्री के मुताबिक जिला स्तर पर 50, 30 और 10 बेड के अस्पताल भी बनाए जाएंगे। मेडिकल सीटों में भी बढ़ोतरी की जा रही है।

### सेवानिवृत्त अफसरों का पुनर्वास केंद्र बनकर रह गया रेरा- सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट रेग्युलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के कामकाज पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए यहां तक कह दिया कि रेरा महज सेवानिवृत्त अफसरों का पुनर्वास केंद्र बनकर रह गया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा, हम रेरा के बारे में नहीं बोलना चाहते। वह पूर्व अफसरशाहों के पुनर्वास का केंद्र बन गया है जिन्होंने इस अधिनियम की पूरी योजना को ही निष्फल कर दिया है। यह टिप्पणी उस समय की गई जब सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली उच्च न्यायालय के एक निर्णय के विरुद्ध दाखिल अपील की सुनवाई कर रहा था। उच्च न्यायालय ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों को याचिका दाखिल करने वालों से पूर्व ईएमआई या पूरी ईएमआई वसूलने से बचने के निर्देश देने की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने ऐसे कई घर खरीदने वालों की याचिकाएं खारिज की थीं, जो चाहते थे कि बैंक और वित्तीय संस्थान तब तक ईएमआई न मांगें जब तक रियल एस्टेट डेवलपर उनके घर उन्हें सौंप नहीं देते। इन याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार करते हुए न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कहा था कि याचियों के पास कई अन्य कानूनों के तहत वैकल्पिक उपचार उपलब्ध हैं।

## राहुल के राममंदिर में नाच-गाना वाले बयान से संत नाराज

### मुख्य पुजारी बोले- जाकी रही भावना जैसी; हनुमानगढ़ी के महंत ने कहा- उनकी बुद्धि खराब



एजेंसी ■ दिल्ली

राहुल गांधी के राम मंदिर में नाच-गाना वाले बयान से अयोध्या के साधु-संतों ने नाराजी जताई है। राहुल ने 26 सितंबर को हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था, अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन में राष्ट्रपति को नहीं आने दिया गया। उनसे कहा गया कि आप आदिवासी हो। आप अंदर आ ही नहीं सकती, अलाउ नहीं है। अयोध्या में नाच-गाना चल रहा है।

उनके बयान पर राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने कहा, कांग्रेस सरकार शुरू से कह रही है कि राम का अस्तित्व नहीं है। ऐसे में उनके नेता तो ऐसा बोलेंगे ही। जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। प्राण प्रतिष्ठा को राहुल अगर नौटंकी बता रहे हैं, तो उनकी ऐसी भावना रही होगी। उनकी नजर में यह नौटंकी है, लेकिन भक्तों की नजर में प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसमें भगवान श्रीराम की बालक रूप में स्थापना हुई है। वहीं, हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने कहा, राहुल गांधी की बुद्धि खराब हो गई है। उन्हें यही नहीं पता है कि 500 साल के संघर्ष के बाद यह पल आया।

राहुल गांधी के इस बयान के बाद दिल्ली बीजेपी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- राहुल गांधी को प्राण--प्रतिष्ठा में कोई श्रमिक नजर नहीं आया। अरे श्रमिकों पर पुष्प वर्षा की गई। श्रमिकों का जैसा सम्मान हुआ, वैसा ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के दौरान हुआ था। मैं पूछता हूं कि कांग्रेस के शासन काल में कभी ऐसा हुआ हो। आप तो उस ताजमहल को उदाहरण बताते थे, जिसे बनवाने के बाद हजारों श्रमिकों के हाथ कटवा दिए गए। यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा, राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। उन्हें प्रधानमंत्री या रामलला पर कोई टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

#### हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने कहा,

*राहुल का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। हम निंदा करते हैं। मांग करते हैं, उन हिंदू संगठन और सेक्युलर लोगों से कि वो राहुल के लिए प्रार्थना करें। उनकी बुद्धि खराब हो गई है। उन्हें यही नहीं पता है कि 500 साल के संघर्ष के बाद लाखों हिंदू जनमानस ने त्याग किया। उसके बाद यह पल आया। भव्य रामजन्मभूमि पर मंदिर निर्माण हुआ। तब ये कह देना कि बॉलीवुड के एक्टर्स को बुलाकर डांस-गाना किया जा रहा था। कांग्रेस तो शुरू से ही नहीं चाहती थी कि मंदिर बने। मंदिर का विरोध करती थी, कांग्रेस को परेशानी है।*

#### राहुल का पूरा बयान, जिस पर विवाद है...

अयोध्या में मंदिर खोला, वहां अडानी दिखे, अंबानी दिखे, पूरा बॉलीवुड दिख गया। लेकिन, एक भी गरीब किसान नहीं दिखा। सच है... इसलिए तो अवधेश ने इनको पटका है। अवधेश वहां के एमपी हैं। इसलिए तो वो जीता है। सबने देखा, आपने राम मंदिर खोला, सबसे पहले आपने राष्ट्रपति से कहा कि आप आदिवासी हो। आप अंदर आ ही नहीं सकती, अलाउ नहीं है। आपने किसी मजदूर, किसान, आदिवासी को देखा, कोई नहीं था वहां। डांस-गाना चल रहा है। प्रेस वाले हाय-हाय कर रहे हैं, सब देख रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### माझी वसुंधरा अभियान 4.0 अभियान में पनवेल मनपा राज्य में पहला

**पनवेल।** माझी वसुंधरा अभियान 4.0 अभियान के तहत पनवेल मनपा ने विभिन्न पहलों को लागू करके की कड़ी मेहनत का फल मिला है. हाल ही में माझी वसुंधरा 4.0 अभियान के परिणाम की घोषित किया गया है, परिणाम के अनुसार राज्य के 3 से 10 लाख की जनसंख्या समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, इसमें मनपा को सात करोड़ की पुरस्कार राशि मिलेगी. इस पुरस्कार ने पनवेल मनपा के सिर पर सम्मान का ताज रख दिया है, जिसके बाद तत्कालीन आयुक्त गणेश देशमुख के साथ-साथ वर्तमान आयुक्त मंगेश चितले और पनवेल मनपा के सभी अधिकारी और कर्मचारी सभी स्तर से प्रशंसा की वर्षा हो रही हैं। प्रकृति से सम्बन्धित पाँच तत्वों पृथ्वी, वायु, जल, अग्नि एवं आकाश पर आधारित माझी वसुंधरा अभियान 2 अक्टूबर, 2020 को प्रदेश के स्थानीय स्वराज्य संस्था में प्रारम्भ किया गया. प्रदेश के स्थानीय स्वराज्य संस्था में 1 अप्रैल, 2023 से 31 मई, 2024 तक माझी वसुंधरा अभियान 4.0 चलाया गया। माझी वसुंधरा अभियान 4.0 में राज्य के 414 नागरिक स्थानीय संस्था और 22,218 ग्राम पंचायतों सहित कुल 22,632 स्थानीय संस्थाओं ने भाग लिया. माझी वसुंधरा 4.0 के अंतर्गत पर्यावरण विभाग के माध्यम से नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता पैदा करने के लिए तत्कालीन आयुक्त गणेश देशमुख के मार्गदर्शन में पर्यावरण विभाग के उपायुक्त डॉ. वैभव विधाते द्वारा विभिन्न कार्यक्रम क्रियान्वित किये गये.

# मृतक अक्षय शिंदे के अंतिम संस्कार के लिए नहीं मिल रहा दो गज जमीन

संवाददाता ■ बदलापुर

बदलापुर के एक स्कूल में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे का शव अंतिम संस्कार के इंतजार में कलावा अस्पताल में पड़ा हुआ है, जबकि चलती कार में पुलिस मुठभेड़ विवादों में है। पुलिस एनकाउंटर को लेकर टिका टिप्पणी का दौर जारी है। चूँकि सबूत नष्ट न हों इसलिए अक्षय शिंदे के शव को दफनाया जाएगा, इस बात की जानकारी अक्षय के पिता के वकील एडवोकेट अमित कटारन-वरे ने दी है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में कोई सबूत की जरूरत पड़े या डीएनए परीक्षण की आवश्यकता हो तो शव को दोबारा खोदकर निकाला जा सकता है। इस बीच ठाणे के साथ-साथ बदलापुर में मृतक अक्षय शिंदे के अंतिम संस्कार का विरोध होने के कारण उसके अंतिम संस्कार की अनुमति देने में समस्या पैदा हो गई है और अक्षय के माता-पिता, चाचा और पुलिसकर्मी अंतिम संस्कार के लिए जगह-जगह दो गज जमीन की तलाश में घूम रहे हैं। वहीं अक्षय शिंदे के माता-पिता ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और अंतिम संस्कार के लिए पुलिस व्यवस्था की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अंतिम संस्कार बदलापुर में किया जाएगा। लेकिन महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने कलवा पुलिस को पत्र देकर कहा है कि



अक्षय शिंदे के शव का अंतिम संस्कार ठाणे या कलवा में नहीं किया जाना चाहिए। मनसे ने अक्षय के शव को उसके गांव में ही दफनाने का सुझाव दिया है। गुरुवार को अक्षय के रिश्तेदार और अक्षय के वकील कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में मांग की कि अक्षय शिंदे को दफनाने के लिए बदलापुर इलाके में जमीन उपलब्ध कराई जाए। एडवोकेट अमित कटारन-वरे ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर बदलापुर पुलिस ने अक्षय के परिजनों को बदलापुर इलाके में दो-तीन जगह दिखाने की तैयारी की है। अगर दफनाने के लिए उपयुक्त जगह मिल गई तो अक्षय को उसी स्थान पर दफनाया जाएगा। हालांकि अबतक अक्षय शिंदे के शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका है और उसका शव कलवा अस्पताल के शवगृह में रखा हुआ है।

## ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी पर संकट

### जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन ने दी चेतावनी

संवाददाता ■ चंद्रपुर



ताडोबा राष्ट्रीय उद्यान महाराष्ट्र का एक प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान है जो चंद्रपुर जिले में स्थित है। इसकी स्थापना 1955 में हुई थी यह महाराष्ट्र का पहला राष्ट्रीय उद्यान है। ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व महाराष्ट्र में एक बाघ रिजर्व है। पार्क की मुख्य विशेषता पार्क में पाए जाने वाले मगरमच्छ और गावा हैं। यह परियोजना ताडोबा राष्ट्रीय उद्यान की 116.55 किमी क्षेत्र और अंधारी अभयारण्य का 508.85 किमी दो क्षेत्र संयुक्त रूप से गठित है। इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 625 वर्ग किमी है। ताडोबा में जंगल सफारी करने वालों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन ने ताडोबा के वन संरक्षक और क्षेत्र निदेशक के कार्यालय को एक बयान में 15 मांगें की हैं, जिसमें ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व में लागू 'एक परिवार-एक नौकरी' योजना को तत्काल रद्द करना भी शामिल है। मांग पूरी न होने पर 1 अक्टूबर से जंगल सफारी बंद कराने की चेतावनी दी है। बाघों को देखने न केवल राष्ट्रीय बल्कि विदेशी पर्यटक भी ताडोबा आते हैं।

हालांकि, ताडोबा के वन संरक्षक और क्षेत्र निदेशक कार्यालय ने एक निर्णय लिया है। जिसमें 'एक परिवार एक रोजगार' की घोषणा की गई है। यह गाइड और जिप्सी एसोसिएशन के साथ अन्याय है। इसलिए ताडोबा के कोर एरिया में जिप्सी धारकों को 15 वर्ष का कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को असोसिएशन का विरोध है।

#### एसोसिएशन ने रखी ये मांगे

गाइड और जिप्सी एसोसिएशन ने अगले सत्र से जिप्सियों का नवीनीकरण करने, अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करने, बफर एवं कोर चालक जिप्सी चालक उनके बगल में बैठें, जिप्सी चालक पर्यटकों की शिकायतों पर गाइड का पक्ष जाने बिना एकपक्षीय कार्रवाई (निलंबन की) न करें, सफारी शुल्क में 3000 रुपए और कोर में 3500 रुपए की वृद्धि, कोर और बफर जोन में जिप्सी परिवारों को साल में एक बार मुफ्त जंगल सफारी की सुविधा देने की मांग की गई।

एसोसिएशन ने मोबाइल का उपयोग करने की अनुमति, स्थानीय सलाहकार समिति में जिप्सी कल्याण संघ के प्रतिनिधियों को शामिल करने, पर्यटन क्षेत्र में वाहनों के लिए गति सीमा 40 किमी रखने, 3 वाहनों को कम करके क्रूजर सफारी को बंद करें, जिप्सी कोटा और स्थानीय कोटा से 3 सफ़ारियां बढ़ाएं आदि मांगें की गई। इन मांगों पर निर्णय न होने पर एक अक्टूबर से अनिश्चितकाल के लिए जंगल सफारी बंद करने की चेतावनी दी है।

## नागपुर मनपा के कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले, मिलेगी 30 महीनों की बकाया सैलरी



संवाददाता ■ नागपुर

मनपा आयुक्त डॉ. चौधरी ने शुक्रवार को महंगाई भत्ते के बकाया भुगतान का बहुप्रतीक्षित फैसला लिया जिसकी नागपुर महानगरपालिका के कर्मचारी कई दिनों से मांग कर रहे थे। इस निर्णय के तहत मनपा में कार्यरत सभी नियमित पात्र कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्ति वेतन धारकों और कुटुंबनिवृत्ति वेतनधारकों को लाभ मिलेगा। 1 जनवरी 2022 से 30 जून 2024 तक 30 महीने यानी ढाई साल का महंगाई भत्ते का बकाया लंबित है। अक्टूबर 2024 से नवंबर 2024 तक 15 आसान किस्तों में बकाया राशि का भुगतान किया जाएगा।

इस फैसले से मनपा कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा अवधि और सेवानिवृत्ति के बाद की अवधि के लिए महंगाई भत्ते की बकाया राशि क्रमशः विभाग के वेतन क्लर्क और सेवानिवृत्ति शाखा के वेतन क्लर्क के माध्यम से जमा की जानी है। अतः सेवा अवधि एवं सेवानिवृत्ति के बाद की अवधि का लंबित भुगतान 15 समान किस्तों में किया जाएगा।

वित्त अधिकारी सदाशिव शेलके ने संबंधित विभाग को निर्देश दिया है कि जो कर्मचारी कार्यरत हैं उनका 30 माह का बकाया 15 किस्तों में नियमित वेतन भुगतान के साथ ही किया जाए, बकाया राशि अलग से जमा नहीं कराई जाए।

## उल्हासनगर से गिरफ्तार पोर्न स्टार ने राज कुंद्रा के साथ भी किया है काम

संवाददाता ■ उल्हासनगर



भारत में अश्लील फिल्म में काम करने वाली रिया उर्फ आरोही बर्डे को मुंबई से सटे उल्हासनगर के पास नेवाली इलाके से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रिया के खिलाफ पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट मामले में कार्रवाई की गई है। पुलिस जांच में रिया उर्फ आरोही के बारे में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। रिया उर्फ आरोही बर्डे बांग्लादेश की मूल निवासी हैं और उन पर अपनी मां, भाई और बहन के साथ अवैध रूप से भारत में रहने का आरोप है। इसके लिए रिया की मां पर अमरावती के एक शख्स से शादी करने का आरोप है। पुलिस ने रिया के अलावा उसकी मां अंजलि बर्डे उर्फ रूबी शेख, पिता अरविंद बर्डे, भाई रवींद्र उर्फ रियाज शेख और बहन रितु उर्फ मोनी शेख को भी आरोपी बनाया है। रिया उर्फ आरोही बर्डे का असली नाम बन्ना शेख है वह मूल रूप से बांग्लादेश की रहने वाली है। वह उल्हासनगर से सटे नेवाली में अपनी मां, बहन और भाई के साथ अवैध रूप से रह रही थी। पुलिस के मुताबिक रिया अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के प्रोडक्शन से जुड़ी थीं और उसने कई अश्लील फिल्मों में काम किया है। पुलिस ने कहा कि रिया को पहले वेश्यावृत्ति से जुड़े एक मामले में अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम के तहत मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। रिया की मां ने अमरावती के रहने वाले अरविंद बर्डे से शादी की थी। फिर उसने अपने और अपने बच्चों के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज जमा करके भारतीय पासपोर्ट बनाए। लेकिन पुलिस जांच में पता चला है कि रिया की मां रूबी शेख मूल रूप से बांग्लादेश की रहने वाली हैं। दरअसल, रिया उर्फ आरोही बर्डे के एक दोस्त ने पुलिस को रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि रिया भारतीय नहीं बल्कि बांग्लादेशी हैं। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने रिया के सभी दस्तावेजों की जांच की जो फर्जी पाया गया। इसके बाद पुलिस ने रिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिया के भाई और बहन की तलाश कर रही है। इससे पहले भी रिया को मुंबई पुलिस ने देह व्यापार के मामले में गिरफ्तार किया था।

### उल्हासनगर में पुलिस स्टेशन में महिला पुलिसकर्मी पर धारदार ब्लेड से हमला

**कल्याण।** उल्हासनगर के विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में ड्यूटी पर तैनात एक महिला पुलिस अधिकारी को एक सिरफिरे हमलावर ने पुलिस स्टेशन की एक कोठरी में बंद कर दिया, जिसने उस पर तेज चाकू से हमला किया और उसे मारने की कोशिश की। यह घटना गुरुवार सुबह की है. इस घटना से पुलिस बल में हड़कंप मच गया है. गंभीर रूप से घायल महिला पुलिस अधिकारी का नाम शीतल भगवंत बांबले (32) है। वह विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में ड्यूटी पर है। हमलावर का नाम बाबासाहेब जांगलू सोनावणे (42, निवासी भीम कॉलोनी, उल्हासनगर कैंप 4) है। पुलिस ने बताया कि महिला पुलिसकर्मी शीतल बम्बल बुधवार को रात्रि निगरानी के लिए थाने में ड्यूटी पर थीं. उनकी ड्यूटी गुरुवार सुबह तक थी। गुरुवार की सुबह जब कांस्टेबल बम्बल पुलिस स्टेशन में था, तब आरोपी बाबासाहेब सोनवणे खुद पर तेज चाकू से वार करने के बाद खून से लथपथ हालत में पुलिस स्टेशन आया। वह क्रोधित था। अर्वाच बोल रहा था.

## 10 हजार लाडली बहनों को साड़ी और सूट बाटेंगे एसएम खान

### प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होंगे देवेंद्र फडणवीस

संवाददाता ■ मुंबई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन उपलक्ष में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एसएम खान द्वारा 5 अक्टूबर, शनिवार की शाम ओशिवरा मेट्रो स्टेशन के पास स्थित म्हाडा ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में 10 हजार महिलाओं को मुफ्त साड़ी और सूट का वितरण किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अमृता ताई फडणवीस और मुंबई भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट आशीष शेलार उपस्थित होंगें। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश महासचिव संजय केनेकर, मुंबई महासचिव संजय उपाध्याय, स्थानीय विधायक भारती ताई लवेकर, अल्पसंख्यक मोर्चा के महाराष्ट्र अध्यक्ष इदरीश मुल्तानी, भाजपा की महिला प्रदेश अध्यक्ष चित्राताई वाघ, महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, महाराष्ट्र उपाध्यक्ष एजाज देशमुख अल्पसंख्यक मोर्चा के मुंबई अध्यक्ष वसीम खान शामिल होंगे। जोगेश्वरी पश्चिम स्थित कार्यालय पर आयोजित पत्रकार परिषद में एसएम खान ने उपरोक्त जानकारी दी।

### कंपनी से चोर ने चुराए कॉपर के केबल

**अंबरनाथ।** अंबरनाथ के एमआईडीसी इलाके में अज्ञात चोर द्वारा एक कंपनी से कॉपर के केबल तथा अन्य सामान चुरा लिया। मिली जानकारी के अनुसार अंबरनाथ पूर्व के आनंदनगर एमआईडीसी में अनन्या इंडस्ट्रीज के स्टोर कीपर प्रधुमन गजानन परांजपे (56) ने कंपनी में हुई चोरी की शिकायत शिवाजी नगर पुलिस थाना में दर्ज करवाया है। अपनी शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि 19 सितंबर की शाम साढ़े पांच बजे से 20 सितंबर की सवा सात बजे के दौरान किसी ने कंपनी के गेट पर चढ़कर कंपनी के भीतर प्रवेश किया और कंपनी में रखा 1 लाख 37 हजार 200 रूपये मूल्य का कॉपर का केबल, कॉपर वायर तथा स्टील पाइप चुरा लिया। बहरहाल आगे की जाँच पुलिस उपनिरीक्षक एस.एस.शेख कर रहे हैं।

## आज और कल सितंबर को हार्बर लाइन पर विशेष यातायात और बिजली मध्य रात्रि ब्लॉक

संवाददाता ■ मुंबई

पश्चिम रेलवे, दिनांक 29/30 सितंबर को प्रमुख नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य को करने के लिए अंधेरी और गोरेगांव के बीच अप और डाउन हार्बर लाइन पर निम्नानुसार ब्लॉक परिचालित करेगा-

ब्लॉक की तिथि- 29/30.9.2024 (रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि)

ब्लॉक का खंड- अप और डाउन हार्बर लाइन पर अंधेरी से गोरेगांव तक

ब्लॉक की अवधि- 00.30 बजे से 10.30 बजे तक (10 घंटे का ब्लॉक)

* ब्लॉक अवधि के दौरान हार्बर लाइन उपनगरीय ट्रेनों का



परिचालन इस प्रकार होगा

ब्लॉक अवधि के दौरान अंधेरी और गोरेगांव के बीच हार्बर लाइन पर उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।

* डाउन हार्बर लाइन पर गोरेगांव के लिए ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल 22.54 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी और 23.49 बजे गोरेगांव पहुंचेगी।

* अप हार्बर लाइन पर गोरेगांव से सीएसएमटी के लिए ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल 00.07 बजे गोरेगांव से प्रस्थान करेगी और 01.02 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

* डाउन हार्बर लाइन पर गोरेगांव के लिए ब्लॉक के बाद सुबह की पहली लोकल (यानी 30.09.2024 को) सीएसएमटी से 10.22 बजे प्रस्थान करेगी और 11.16 बजे गोरेगांव पहुंचेगी।

* अप हार्बर लाइन पर गोरेगांव से ब्लॉक के बाद सुबह की पहली लोकल (यानी 30.09.2024 को) 11.23 बजे गोरेगांव से प्रस्थान करेगी और 12.21 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

मध्य रेलवे ने कहा है कि ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से मध्य रेलवे ने अनुरोध किया है कि वे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।

## दिव्यांग एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों के लिए फिजियोथेरेपी एवं मल्टीडिसिप्लिनरी थेरेपी की सुविधा अब मनपा के माध्यम से निःशुल्क

**कल्याण।** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में लगभग 5,500 विकलांग व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया है। अभी तक इन दिव्यांगों के लिए मनपा के माध्यम से कोई भी फिजियोथेरेपी सुविधा निःशुल्क उपलब्ध नहीं थी। इसलिए मनपा की प्रशासक/आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने मामले का संज्ञान लिया और सामाजिक विकास विभाग द्वारा जारी किए गए टेंडर को इस नजरिए से मंजूरी दे दी है कि अब विकलांग और मानसिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को यह सुविधा मुफ्त मिल सके. इस काम का जिम्मा आधार पुनर्वास सेवाएं को दी गई है। इससे संबंधित लाभार्थियों को यह सुविधा 3/क प्रभाग कार्यालय के समीप महिला कल्याण केंद्र के भूतल पर उपलब्ध होगी। फिलहाल यह सुविधा 3 साल के लिए उपलब्ध रहेगी और इसका खर्चा 10 करोड़ रुपये आने का अनुमान है। ये केंद्र चिकित्सा परामर्श, आर्थोपेडिक परामर्श, न्यूरोलॉजिकल परामर्श, आयुर्वेदिक परामर्श, होम्योपैथिक परामर्श, मनोवैज्ञानिक परामर्श के साथ-साथ फिजियोथेरेपी, फिजिकल थेरेपी, व्यावसायिक थेरेपी, स्पीच थेरेपी, दैनिक जीवन की गतिविधियाँ, इंटरवेंशनल लर्निंग गतिविधियाँ, योग और ध्यान, व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करते हैं।

## बदलापुर के उपजिला अस्पताल को सामान्य अस्पताल का प्राप्त है दर्जा

संवाददाता ■ बदलापुर

बदलापुर शहर के उपजिला अस्पताल, जो बदलापुर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए महत्वपूर्ण है, को जल्द ही नया रूप मिलेगा और 50 बिस्तरों वाला अस्पताल अब 200 बिस्तरों वाला अस्पताल बन जाएगा। राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने इस अस्पताल को अपग्रेड करने का निर्णय लिया है. सर्जरी विभाग, विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञ, ब्लड बैंक समेत कई अन्य सुविधाएं मिलेंगी। इससे लाखों नागरिकों को फायदा होगा. बदलापुर शहर में स्थित उपजिला अस्पताल बदलापुर शहर के साथ-साथ अंबरनाथ तालुका के ग्रामीण रोगियों के लिए उपयोगी है। बदलापुर शहर से कई मरीज यहां आते हैं सात साल पहले वर्ष 2017 में इस अस्पताल को उपजिला अस्पताल का दर्जा दिया गया था। उस समय बेड की संख्या बढ़ाकर 50 कर दी गई थी. अब सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने इस अस्पताल को अपग्रेड करने का निर्णय लिया है. इसलिए अब यहां बेड की संख्या 200 हो जाएगी. इससे प्रसूति विभाग और सामान्य रोगी विभाग में भी बेड की संख्या बढ़ जायेगी. इसके साथ ही इस अस्पताल में गहन चिकित्सा इकाई भी शुरू की जायेगी.

पहले मरीजों को सरकारी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती होने के लिए उल्हासनगर के केंद्रीय अस्पताल जाना पड़ता था। अगर यहां बिस्तर क्षमता से भर जाते तो मरीजों को कलवा या मुंबई स्थानांतरित करना पड़ता। लेकिन अब यह सुविधा बदलापुर में ही उपलब्ध होने से मरीजों को काफी फायदा होगा. इसके साथ ही बदलापुर अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ सहित विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ की नियुक्ति शुरू की जायेगी. पहले इन सभी सुविधाओं के लिए उल्हासनगर, ठाणे या मुंबई जाना पड़ता था ।

उपजिला अस्पताल के सामान्य अस्पताल में तब्दील होने के बाद इस अस्पताल में विभिन्न प्रकार की सर्जरी का मार्ग प्रशस्त हो जायेगा. सर्जरी विभाग को अपडेट किया जा रहा है.

सामान्य अस्पताल का दर्जा मिलने से बदलापुर अस्पताल में ब्लड बैंक शुरू करने में भी मदद मिलेगी. जिससे मरीजों को दूसरे शहरों में जाने से राहत मिलेगी। बदलापुर और ग्रामीण इलाकों में मरीजों को सर्जरी और अन्य मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। वह अब रुकने वाली है.

## एमएमआर क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए 'सप्तसूत्री'

संवाददाता ■ ठाणे

हमेशा लोगों की भीड़ से भरे रहने वाले और कंक्रीट के जंगल से घिरे रहने वाले मुंबई महानगरीय क्षेत्र के पर्यटन स्थलों और सार्वजनिक त्योहारों को एक साथ लाने के लिए महाराष्ट्र पर्यटन निदेशालय द्वारा सप्तसूत्री नामक एक पर्यटन विकास योजना तैयार की गई है। विश्व स्तर. इसमें तटीय क्षेत्र, मनोरंजन, पर्यावरण, सांस्कृतिक विरासत स्थल, प्रायोगिक, साहसिक और आध्यात्मिक सात तत्वों पर ध्यान केंद्रित कर विकास योजना तैयार की गई है। यह योजना महाराष्ट्र पर्यटन विभाग की ओर से हाल ही में आयोजित ठाणे विकास सम्मेलन में प्रस्तुत की गई थी।

राज्य में विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों को बढ़ावा देने और पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने और पर्यटकों की संख्या बढ़ाने और रोजगार प्रदान करने के लिए हाल ही में महाराष्ट्र पर्यटन विभाग द्वारा एक पर्यटन नीति की घोषणा की गई थी। इसमें पर्यटन क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार के अवसर, पर्यटन स्थलों के विकास और कुछ स्थानों पर पर्यटन क्षेत्रों के निर्माण को लेकर उपायों की योजना बनाई गई। साथ ही मौजूदा लेकिन



उपेक्षित पर्यटन स्थलों के विकास की योजना और उसके लिए धन का प्रावधान भी इस नीति में प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई महानगर क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का निर्माण करते समय इसे महाराष्ट्र के विकास इंजन के रूप में उल्लेख किया था, इसी पृष्ठभूमि में इस क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की गई है।

पालघर, वसई, मरीन ड्राइव और जुहू में समुद्री तटों का विकास। लगभग 300 किमी लंबी तटरेखा के प्रत्येक 15 किमी खंड में नाव नौका पर्यटन विकसित करना। इसके अलावा मनोरंजन पर्यटन में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देना, मड आइलैंड और अलीबाग समुद्र तट पर मनोरंजन केंद्र स्थापित करना। लंदन आई की तर्ज पर मुंबई आई परियोजना का विकास करना और विभिन्न स्थानों पर संकल्प उद्यान का निर्माण करना। इको टूरिज्म में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, नवी मुंबई के साथ-साथ ठाणे में खाड़ी पर्यटन , फ्लेमिंगो महोत्सव भी शामिल है। पूरे एमएमआर क्षेत्र में ऐतिहासिक इमारतों, किलों को सांस्कृतिक विरासत स्थलों में विकसित करते हुए इन स्थानों को और अधिक बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उत्सवों का आयोजन किया जा रहा है। जबकि प्रायोगिक पर्यटन में खारघर, मड आइलैंड में गोल्फ कोर्स की स्थापना के साथ-साथ समुद्र तट पर विशेष रेस्तरां की स्थापना जैसी विभिन्न बातें इस विकास योजना में प्रस्तुत की गई हैं।

एमएमआर क्षेत्र के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने वाला एक पर्यटक वर्तमान में लगभग 1 से 2 दिनों में पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने में लगभग 8 से 10 हजार रुपये खर्च करता है। भविष्य में पर्यटन विभाग ने लक्ष्य रखा है कि इस क्षेत्र में पर्यटकों का प्रवास कम से कम 3 से 4 दिन और लगभग 25 हजार रुपये हो.

# साथी सोसायटी सदस्य से छेड़छाड़, आरोपियों को गिरफ्तारी से पहले मिली जमानत

संवाददाता ■ मुंबई



एक दंपत्ति समेत तीन लोगों को हाल ही में 46 वर्षीय महिला से कथित तौर पर छेड़छाड़ के मामले में अग्रिम जमानत दी गई है। महिला इसी सोसायटी में रहती है और उसने प्रबंध समिति के खिलाफ गबन की शिकायत की थी। पुलिस ने बताया कि तीनों की पहचान साईनाथ सावंत (59), आलोक गुप्ता (48) और उनकी पत्नी तथा प्रबंध समिति की पूर्व सदस्य अवनिका (45) के रूप में हुई है।

एफआईआर में कहा गया है कि 6 अप्रैल, 2024 को दोपहर करीब 3:24 बजे सरकारी प्रशासक प्रवीण डाली (67) सोसायटी कार्यालय पर कब्जा करने के लिए राज शिवम पहुंचे। शिकायतकर्ता ने कहा कि जब डाली मौके पर पहुंचे तो वह वहां मौजूद थी। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि बाद में उन्हें देखकर, पूर्व सोसायटी सचिव अब्राहम मैथ्यू और सदस्य प्रदीप दलवी ने परिसर में अन्य सदस्यों को बुलाना और चिल्लाना शुरू कर दिया, जिससे लगभग आठ-दस सदस्य एकत्र हो गए।

महिला ने दावा किया कि मैथ्यू और दलवी ने दूसरों को उसके और दली के खिलाफ भड़काया। शिकायतकर्ता ने कहा कि जब वह अपनी सुरक्षा के लिए घटना को रिकॉर्ड कर रही थी, तब सावंत ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उस पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन एक महिला सदस्य ने बीच-बचाव किया। उसने आरोप लगाया कि जब दली रोजनामा (रिपोर्ट) तैयार कर रहा था, तब आलोक ने उसका हाथ पकड़कर उसे अपनी ओर खींचा। जब उसने विरोध किया, तो अवनिका ने उसके हाथ पर मारा और उसका फोन छीनने का प्रयास किया, एफआईआर में कहा गया है, साथ ही कहा गया है कि सावंत ने उसी समय उसके कान पर वार किया।

उसकी शिकायत के आधार पर, भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल), 509 (किसी महिला की शील भंग करने के इरादे से शब्द, इशारा या कृत्य), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# मुंबई में लोकल ट्रेन से गिरकर रेल पुलिस के कांस्टेबल की मौत



संवाददाता ■ मुंबई

मुंबई में लोकल ट्रेन में भीड़-भाड़ आये दिन यात्री ट्रेन से नीचे गिरकर हादसे के शिकार हो जाते हैं. ऐसा ही एक मामला सामने आया है जब लोकल ट्रेन से गिरकर राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) के एक कांस्टेबल की मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पुलिस कांस्टेबल का नाम समित ज्ञानेश्वर गोंदके (28) है और वह अंधेरी रेलवे पुलिस स्टेशन में कार्यरत था. बुधवार को कांस्टेबल गोंदके अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद डोंबिवली स्थित अपने घर जाने के लिए निकले थे, इसी दौरान वे हादसे के शिकार हो गए. आश्चर्यजनक बात ये है कि करीब आठ घंटे तक वे गंभीर हालत में रेलवे ट्रैक पर पड़े रहे. भारी बारिश और भीड़भाड़ के कारण समय पर मदद नहीं मिल पाने से कांस्टेबल गोंदके की जान चली गई. पुलिस सूत्रों के मुताबिक कांस्टेबल गोंदके रात करीब 9.30 बजे अंधेरी से घाटकोपर तक मेट्रो से यात्रा करने के बाद वह डोंबिवली जाने के लिए लोकल ट्रेन में सवार हुए. भांडुप और नाहुर रेलवे स्टेशनों के बीच ट्रेन में भीड़ होने के चलते वह अपना संतुलन खो बैठे और चलती लोकल ट्रेन से नीचे गिर गए. जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई. ट्रेन से गिरने के बाद दुर्भाग्य से वह पूरी रात घायल अवस्था में रेल पटरी के पास पड़ेरहे. बुधवार को मुंबई में हुई भारी बारिश ने उनकी हालत और खराब कर दी. किसी यात्री ने गुरुवार 26 सितंबर को सुबह 7 बजे कुर्ला रेलवे पुलिस को जानकारी दी कि एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हालत में ट्रैक के किनारे पड़ा है. सूचना मिलने पर कुर्ला रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत समित ज्ञानेश्वर को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज में देरी के कारण उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. कांस्टेबल की पहचान उनकी वर्दी और आईडी कार्ड से हुई.

बुधवार को त्रक्क पुलिस कांस्टेबल गोंदके अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद डोंबिवली स्थित अपने घर जाने के लिए निकले थे. उन्होंने रात करीब 9.30 बजे अंधेरी से घाटकोपर तक मेट्रो से यात्रा करने के बाद अपनी बाकी यात्रा के लिए लोकल ट्रेन से जाने का फैसला किया. भांडुप और नाहुर रेलवे स्टेशनों के बीच वह अपना संतुलन खो बैठे और चलती लोकल ट्रेन से गिर गए. गिरने से कांस्टेबल को गंभीर चोटें आई. उनका कंधा और हाथ टूट गया. सिर में भी गंभीर चोट आई. उनकी खोपड़ी में फ्रैक्चर हो गया और शरीर में कई चोटें आई. पूरी रात वह घायल अवस्था में पड़े रहे. समय पर इलाज न मिल पाने से उनकी जान चली गई.

गुरुवार सुबह 7 बजे किसी यात्री ने कुर्ला रेलवे पुलिस को जानकारी दी कि एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हालत में ट्रैक के किनारे पड़ा है. सूचना मिलने पर कुर्ला रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया. हालांकि, इलाज में देरी के कारण उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. कांस्टेबल की पहचान उनकी वर्दी और आईडी कार्ड से हुई. जांच में पता चला कि भारी बारिश के कारण देर रात यात्रियों की काफी भीड़ थी. वह लोकल ट्रेन के दरवाजे के पास खड़े थे, तभी उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गए. अमित 2018 में पुलिस बल में शामिल हुए थे।

# मुंबईकरों को अब सालभर पानी का टेंशन नहीं, सभी जलाशय शत प्रतिशत भरे



संवाददाता ■ मुंबई

मुंबईकरों को साल भर की पीने का पानी की टेंशन पूरी तरह से दूर हो गई है। मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले सभी बांध 100 प्रतिशत भरे हुए हैं। जुलाई, अगस्त और सितंबर के महीनों के दौरान, मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले बांध क्षेत्र में भारी बारिश हुई। इस बारिश से बांधों में पानी का भंडारण तेजी से बढ़ा और बांध ओवरफ्लो हो गए। हालांकि पिछले कुछ दिनों से बारिश पर विराम लग गया था। लेकिन अब फिर से बारिश शुरू हो गई है। फिलहाल वापसी की बारिश ने तूफान मचा रखा है। इस बारिश से बांधों में जल भंडारण बढ़ गया है और जल भंडारण 100 फीसदी तक पहुंच गया है। इसलिए मुंबईकरों की साल भर की पानी की समस्या दूर हो गई है। आईये जानते हैं कि किन बांधों में जल संग्रहण का वर्तमान प्रतिशत क्या है...

मुंबई महानगरपालिका की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले सभी सात बांधों में पानी का भंडारण 100 फीसदी के करीब पहुंच गया है। 28 सितंबर को सुबह 6 बजे, मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले सभी सात जलाशयों में जल भंडारण 14,39,271 मिलियन लीटर तक पहुंच गया। यानी इन बांधों में कुल 99.44 फीसदी जल भंडारण उपलब्ध है। पिछले साल इसी दिन इन बांधों में 14,33,141 मिलियन लीटर पानी था। यानी पिछले साल 99.02 फीसदी जल भंडारण उपलब्ध था। पिछले साल की तुलना में शनिवार को सभी सात बांधों में जल भंडारण बढ़ गया है। मुंबई शहर और उपनगरों को 7 बांधों अपर वैतरणा, मोडक सागर, तानसा, मध्य वैतरणा, भातसा, विहार और तुलसी से पानी की आपूर्ति की जाती है। इसमें 5 बांध और 2 झीलें हैं। इन सभी सात बांधों और झील क्षेत्रों में पिछले ढाई महीने में अच्छी बारिश हुई है। इससे बांध में पानी का भंडारण तेजी से बढ़ गया। इस बांध में जल भंडारण 99.44 फीसदी तक पहुंच गया है। फिलहाल बांध क्षेत्र में फिर से बारिश हो रही है। इससे बांधों में जल भंडारण बढ़ रहा है। मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले इन सभी सात बांधों की भंडारण क्षमता 14 लाख 47 हजार 363 मिलियन लीटर पानी है। इन बांधों से मुंबई को प्रतिदिन 3 हजार मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है।

# सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय, इवोनिक इंडिया ने 27 छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की

संवाददाता ■ मुंबई




सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय (एसवीयू) और प्रमुख स्पेशियलिटी केमिकल कंपनी इवोनिक इंडिया ने एक अनूठी पहल - ग्रो बियॉन्ड योरसेल्फ छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत 27 महिला एमएससी छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए एक साथ आए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शैक्षणिक रूप से प्रतिभाशाली लेकिन आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है, इस परियोजना के लिए कुल योगदान ?32 लाख है।

ये वार्षिक छात्रवृत्तियाँ अकादमिक प्रदर्शन और पात्रता मानदंडों पर आधारित हैं, जो उनकी शैक्षणिक यात्रा के दौरान निरंतर सहायता सुनिश्चित करती हैं। इवोनिक इन छात्राओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति पुरस्कार विजेताओं का चयन सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति समिति और इवोनिक इंडिया की सीएसआर लीड विद्या गोपीनाथ द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के आधार पर किया गया।

छात्रवृत्ति पुरस्कार इवोनिक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विनोद परेमल, भारत क्षेत्र की मानव संसाधन और अनुपालन प्रमुख अरुणा सुब्रमण्यन और भारत उपमहाद्वीप के क्षेत्रीय विकास प्रमुख श्रीनिवास राव पोथाबट्टुला द्वारा एसवीयू के चांसलर समीर सोमैया, एसवीयू के कुलपति प्रोफेसर वीएन राजशेखरन पिल्लई, सोमैया विद्याविहार के सचिव लेफ्टिनेंट जनरल जगबीर सिंह, सोमैया विद्याविहार के प्रोवोस्ट डॉ रघुनाथ शेवगांवकर, सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय के प्रवेश निदेशक श्री नानदकुमार ढाके और एसआईआरएसी की निदेशक डॉ अचला दानैत की उपस्थिति में प्रदान किए गए। अपने प्रतिभाशाली छात्रों का समर्थन करने के लिए इस विशेष पहल के लिए इवोनिक इंडिया के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। यह साझेदारी एक अधिक समावेशी और अभिनव भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और हमें इस परिवर्तनकारी पहल का हिस्सा बनने पर गर्व है, सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति समीर सोमैया ने कहा।हमें सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी करके सम्मानित महसूस हो रहा है, ताकि विभिन्न क्षेत्रों में मास्टर ऑफ साइंस की पढ़ाई कर रहे ऐसे योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा सके, जिनमें समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने और भविष्य को आकार देने की क्षमता है,परमल ने कहा।

# मुंबई विश्वविद्यालय में मंदिर प्रबंधन में भारत का पहला पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू

संवाददाता ■ मुंबई



इंटरनेशनल टेंपल कन्वेंशन एंड एक्सपो की शानदार सफलता के बाद, टेंपल कनेक्ट ने मंदिर प्रबंधन में देश का पहला स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू किया है। इस छह महीने के पाठ्यक्रम का उद्देश्य मंदिर संचालन को पेशेवर बनाना है, जिसमें प्रौद्योगिकी, स्थिरता और समावेशिता शामिल है। यह प्रतिभागियों को आधुनिक विशेषज्ञता और रणनीतिक दूरदर्शिता के साथ मंदिर पारिस्थितिकी तंत्र का प्रबंधन करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेगा। इस अभिनव पाठ्यक्रम के उद्घाटन बैच मुंबई विश्वविद्यालय और वेलिंगकर संस्थान में शुरू हुए और सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में आगे के रोलआउट की योजना बनाई गई है। व्यापक कार्यक्रम एक मजबूत पाठ्यक्रम के साथ तैयार किया गया है - तीन महीने का गहन कक्षा प्रशिक्षण, जिसमें 20 से अधिक सत्र शामिल हैं, इसके बाद विभिन्न प्रसिद्ध मंदिरों में तीन महीने की व्यावहारिक इंटर्नशिप है। संकाय में अनुभवी पेशेवर शामिल हैं, जिनमें से सभी को मंदिर संचालन में पर्याप्त व्यावहारिक अनुभव है। वर्तमान प्रारूप में, पाठ्यक्रम व्यक्तिगत रूप से और इंटर्नशिप के माध्यम से दिए जाते हैं, जिसमें प्रति विश्वविद्यालय या संस्थान 30 छात्र बैच होते हैं। कार्यक्रम छात्रों को प्रशासनिक कर्तव्यों से लेकर सामुदायिक जुड़ाव और आध्यात्मिक प्रबंधन तक मंदिर प्रबंधन के व्यावहारिक अनुभव का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। प्रवेश के लिए आवश्यक मानदंडों के अनुसार आवेदकों को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना चाहिए। उम्मीदवारों के पास मंदिर प्रशासन में मजबूत पृष्ठभूमि होनी चाहिए, विभिन्न मौजूदा मंदिरों से निकटता से जुड़े होने चाहिए या इंटर्नशिप के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करना चाहिए। डॉ. सुरेश हवारे (श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष, एक प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक और मंदिर प्रबंधन पर लेखक) की अध्यक्षता में, समिति में गिरीश कुलकर्णी (टेम्पल कनेक्ट और आईटीसीएक्स के संस्थापक), डॉ. नितिन कर्मलकर (पुणे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति) और मुंबई और पुणे विश्वविद्यालयों और वेलिंगकर संस्थान के अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं।

# टैक्सी पर पेड़ गिरा, 3 घायल

**मुंबई।** मानसून के वापस जाने के साथ ही इस सप्ताह मुंबई में भारी बारिश हो रही है। मुंबई में बुधवार और गुरुवार को भारी बारिश हुई और शुक्रवार के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। इस सप्ताह लगातार बारिश और आंधी के बाद शुक्रवार को शहर में 25 पेड़ की टहनियाँ गिर गई, जिससे तीन लोग घायल हो गए। आधिकारिक तौर पर 11 शॉर्ट सर्किट और 11 दीवारें गिरने की भी सूचना मिली। शनिवार सुबह 8 बजे बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों में पूर्वी उपनगरों में 47.07 मिमी, पश्चिमी उपनगरों में 44.67 मिमी और शहर में 43.68 मिमी बारिश हुई।

मुंबई में इस मानसून में हुई कुल औसत बारिश पहले ही औसत वार्षिक बारिश को पार कर गई है। शुक्रवार 27 सितंबर तक कोलाबा वेधशाला ने 2633.6 मिमी और सांताक्रूज़ वेधशाला ने 3068 मिमी बारिश दर्ज की। भारी बारिश के बीच शुक्रवार शाम 6.01 बजे मुंबई के आपदा प्रबंधन सेल को एक टैक्सी पर पेड़ गिरने से तीन लोगों के घायल होने की सूचना मिली।

# पुणे मेट्रो लाइन 3 निर्धारित समय से पीछे

संवाददाता ■ मुंबई/पुणे

मेट्रो ने मेट्रो लाइन 1 और 2 का काम पूरा कर लिया है, लेकिन पुणे आईटी सिटी मेट्रो रेल लिमिटेड (पीआईटीसीएमआरएल/पुनेरी मेट्रो) की हिंजेवाड़ी से शिवाजीनगर तक की मेट्रो लाइन 3 के काम के मामले में यह पिछड़ रही है। इस परियोजना पर काम 25 नवंबर, 2021 को शुरू हुआ और इसे 24 मार्च, 2025 तक पूरा करने का प्रस्ताव है। मूल योजना के अनुसार, इस समय तक 90त्न काम पूरा होने की उम्मीद थी, लेकिन अभी तक केवल 68.5त्न काम ही पूरा हो पाया है। सोमवार को उपमुख्यमंत्री (डीसीएम) और पुणे के संरक्षक मंत्री अजीत पवार ने मेट्रो लाइन 3 की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की। बैठक के दौरान, ठेकेदारों ने मेट्रो गर्डर लगाने के लिए यातायात पुलिस से अनुमति नहीं मिलने पर चिंता जताई। जवाब में, डीसीएम पवार ने पुणे पुलिस को निर्देश दिया कि वह चल रहे काम को गति देने के लिए शिवाजीनगर और औंध के बीच गर्डर लगाने के लिए सार्वजनिक छुट्टियों पर पीआईटीसीएमआरएल को 24 घंटे काम करने की अनुमति दे।

पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (पीएमआरडीए) के आयुक्त योगेश म्हसे ने कहा, ÷कंपनी ने कहा कि वह दिन में काम नहीं कर सकती और रात में केवल पांच घंटे ही काम कर पाएगी। मेट्रो के काम का शेड्यूल तय हो चुका है और कंपनी को उसका पालन करना होगा। फिलहाल काम तय समय से पीछे चल रहा है। हालांकि, कंपनी ने हमें भरोसा दिलाया है कि वह खोए हुए समय की भरपाई करेगी।÷ यातायात विभाग के पुलिस उपायुक्त अमोल ज़ेंडे ने कहा, ÷राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के दौरे और गणेश उत्सव के कारण मेट्रो के काम में देरी हुई है, क्योंकि हमने कंपनी को उन दिनों काम करने की अनुमति नहीं दी थी। अब डीसीएम पवार के निर्देशों का पालन करते हुए हम कंपनी को सार्वजनिक छुट्टियों पर काम करने की अनुमति देंगे।

पीआईटीसीएमआरएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के दौरे और गणेश उत्सव की योजना के कारण काम में देरी हुई है। गणेश खिंड फ्लाईओवर पर चल रहे काम ने मेट्रो परियोजना की गति को और प्रभावित किया है। हालांकि, हम काम में तेज़ी लाएंगे।÷ 23.3 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन 3 में 23 एलिवेटेड स्टेशन होंगे और इसे पीएमआरडीए द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर विकसित किया जा रहा है। मेट्रो लाइन 3 की कुल लागत 8,313 करोड़ है, और इसे टाटा-सीमेंस द्वारा पीपीपी आधार पर प्रस्तावित किया गया है।

# आतंकी हमले की आशंका, पुलिस हाई अलर्ट पर, सुरक्षा बढ़ाई गई

**मुंबई।** खुफिया एजेंसियों द्वारा मुंबई पुलिस को आतंकी खतरे की आशंका जताए जाने के बाद महाराष्ट्र की राजधानी हाई अलर्ट पर है। मुंबई में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। केंद्रीय एजेंसियों की ओर से आतंकी खतरे की आशंका के बाद मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र की राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी है। सूत्रों ने बताया कि इस अलर्ट के बाद धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। भीड़भाड़ वाले और धार्मिक स्थलों पर मॉक ड्रिल की जा रही है पुलिस ने कहा, ÷हमें भीड़भाड़ वाले और धार्मिक स्थलों पर मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए गए हैं। शहर के सभी डीसीपी को अपने-अपने जोन में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने क्रॉफर्ड मार्केट इलाके में मॉक ड्रिल की। यह ऐसा इलाका है जहां काफी भीड़ होती है और यहां दो बड़े धार्मिक स्थल भी हैं।

सुरक्षा ड्रिल के बारे में पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह एक सुरक्षा अभ्यास था, लेकिन अचानक ऐसा अभ्यास क्यों किया जा रहा है, यह नहीं बताया गया। पुलिस ने आगे कहा, आगामी त्योहारों और चुनावों के मद्देनजर मुंबई के क्रॉफर्ड मार्केट और अन्य स्थानों पर मॉक ड्रिल की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि शहर के सभी मंदिरों को सतर्क रहने और एहतियात के तौर पर किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने का निर्देश दिया गया है। एक अन्य खबर में, मुंबई के पायधुनी झवेरी बाजार इलाके में एक मस्जिद को गुरुवार को बम की धमकी मिली, जिसके बाद इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया; बम निरोधक दस्ता भी मौके पर पहुंच गया था - यह संभवतः सुरक्षा अलर्ट के बीच आयोजित एक मॉक ड्रिल थी।

# बुजुर्ग मरीज़ को नए वैस्कुलर क्लोजर डिवाइस से डबल वाल्व री-रिप्लेसमेंट से गुज़ारा गया



संवाददाता ■ मुंबई

मुंबई में पहली बार, हृदय वाल्व रोग से पीड़ित एक बुजुर्ग मरीज को एक नए वैस्कुलर क्लोजर डिवाइस के साथ डबल वाल्व री-रिप्लेसमेंट से गुजरना पड़ा। 14 साल तक अपने महाधमनी और माइट्रल वाल्व को बदलने के लिए ओपन-हार्ट सर्जरी करवाने के बाद, 65 वर्षीय व्यक्ति को वाल्व को फिर से बदलना पड़ा क्योंकि उसे थोड़ी सी भी गतिविधि के साथ सांस लेने में कठिनाई हो रही थी।कर्नाटक के निवासी श्री सुबोध मिश्रा को हृदय वाल्व रोग का पता चला था। उन्होंने 14 साल पहले ओपन-हार्ट सर्जरी करवाई थी, जिसके दौरान उनके महाधमनी और माइट्रल दोनों वाल्व को बदल दिया गया था। हाल ही में, उन्हें थोड़ी सी भी मेहनत करने पर सांस फूलने लगी। उनकी हालत इतनी खराब हो गई कि उन्हें रात में सोने, चलने, नहाने और सीढ़ियाँ चढ़ने में भी परेशानी होने लगी।

लीलावती अस्पताल की हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विद्या सूरतकल ने 2-डी इको किया और पाया कि मरीज के माइट्रल वाल्व में रिसाव हो रहा था और महाधमनी वाल्व सिकुड़ गया था, जिससे हृदय से शरीर में रक्त का प्रवाह बाधित हो रहा था। परिणामस्वरूप, रक्त फेफड़ों में वापस जा रहा था। इससे फेफड़ों में तरल पदार्थ भर गया। मरीज को दोनों वाल्वों को फिर से बदलने की आवश्यकता थी।

रोगी को ओपन हार्ट सर्जरी के लिए दूसरी बार परामर्श दिया गया, जिसमें डबल वाल्व प्रतिस्थापन की आवश्यकता थी। हालांकि, पिछली ओपन-हार्ट सर्जरी के कारण, वाल्व को बदलने के लिए मरीज को ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट और ट्रांसकैथेटर माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट प्रक्रिया की सिफारिश की गई थी। प्रक्रिया की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए सीटी स्कैन किया गया था।

लीलावती अस्पताल के इंटरवेंशनल स्ट्रक्चरल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रविंदर सिंह राव ने सेरेब्रल प्रोटेक्शन और एक नए वैस्कुलर क्लोजर डिवाइस के साथ ट्रांसकैथेटर डबल वाल्व रिप्लेसमेंट किया। कैथेटर के साथ दोनों वाल्वों को बदलना प्रक्रिया को चुनौतीपूर्ण बनाता है, हालांकि, दोनों वाल्वों को एक साथ बदलने की आवश्यकता होती है, जो ओपन हार्ट सर्जरी के परिणामों की नकल करता है। दोनों वाल्वों को बदलने पर मरीज को अधिकतम लाभ मिलता है। स्ट्रोक को रोकने के लिए मस्तिष्क की धमनियों में एक फिल्टर लगाया गया था।

# पोर्श कार दुर्घटना: नाबालिग आरोपी को कॉलेज में प्रवेश नहीं मिला

**मुंबई/पुणे।** पोर्श कार दुर्घटना में दो लोगों की मौत के मामले में नाबालिग आरोपी को उसके खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले के कारण किसी भी कॉलेज में प्रवेश नहीं मिल रहा है, उसके वकील ने किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) को बताया, साथ ही कहा कि दिल्ली के एक प्रबंधन संस्थान ने, जहां उसने बीबीए कोर्स में दाखिला लिया था, उसका प्रवेश रद्द कर दिया है।17 वर्षीय किशोर ने कथित तौर पर 19 मई को कल्याणीनगर में अपनी तेज रफ्तार कार से एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हो गई थी।गुरुवार को बचाव पक्ष के वकील प्रशांत पाटिल ने जेजेबी को सूचित किया कि उनके मुवक्किल को कॉलेज में प्रवेश पाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वकील ने बोर्ड से नाबालिग को पुणे या अन्य स्थानों पर कॉलेज में प्रवेश लेने की अनुमति देने का आग्रह किया। विशेष लोक अभियोजक शिशिर हिरय ने जेजेबी को सूचित किया कि अभियोजन पक्ष को नाबालिग के उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर कोई आपत्ति नहीं है।इस बीच, पुलिस ने गुरुवार को जेजेबी के समक्ष भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 201 (साक्ष्यों को गायब करना), 213 (अपराधी को बचाने के लिए उपहार लेना), 214 के तहत आरोप जोड़ते हुए नए आरोपों के साथ एक पूरक रिपोर्ट पेश की, साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं को भी जांच के हिस्से के रूप में लगाया गया।

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**SRM Ist CALL E-TENDER NOTICE**

**MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed & registered Electrical contractors on Mahatransco Website https://srmetender.mahatransco.in for the following Tender Specification.**

| | |
|---|---|
| Tender No. : E-Tender - 40/2024-25<br>Name of Tender: Ist call E-Tender for Supply of Digital Clamp Meter with all accessories at various substations under EHV(O&M) Dn., Bhandup.<br>Tender Fee :- Rs. 500 /- + applicable GST<br>**RFx No.-** 7000033671 | **Online Downloading the RFx : Dt. 28.09.2024, 10.00 Hrs. to 05.10.2024, 10.00Hrs.**<br>**Online Submission of the RFx :** On or Before Dt. **05.10.2024,** 10:00 Hrs.<br>**Online Opening of the Techno Commercial RFx** : Dt. **05.10.2024**, at 11:00 **Hrs.** (If possible).<br>**Online Opening of the Price bid:** Dt. **05.10.2024, at** 12:00 **Hrs.** (If possible) |

For further details visit our website :- **https://srmetender.mahatransco.in**
Contact Person: -The DYEE Engineer (O) & Mobile No. 9819927988
**Note :** All eligible Supplier/Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.

**Sd/-**
**Executive Engineer, EHV (O&M) Division Bhandup**




# आदिवासीयों को मुख्यधारा में जोड़ने की कोशिश

आदिवासी शब्द दो शब्दों आदि और वासी से मिल कर निर्मित है और इसका अर्थ है जो आदि काल से वास कर रहा हो अर्थात मूल निवासी।भारत में जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा आदिवासियों का है। लोगों का ध्यान आकर्षित करने और मनोरंजन के लिए ही लोग आदिवासी समाज और सुसंस्कृति की ओर जाते रहे हैं। नतीजा हमारे सामने है उनके जीवन और रीति- रीवाजों के बारे में सनसनीखेज ब्योरे तो खूब मिलते हैं, पर उनके पारिवारिक जीवन की मानवीय व्यथा नहीं। उनके अलौकिक विश्वास, जादू टोने और विलक्षण अनूष्ठानों का आँखों देख हाल तो मिलता है, पर उनकी जिंदगी के हर सिम्त हाड़तोड़ संघर्ष की बहुरूपी और प्रमाणिक तस्वीर नहीं मिलते हैं। वे आज भी आदमी की अलग नस्ल के रूप में पेश किए जाते हैं। पुरातन संस्कृत ग्रंथो में आदिवासियों को अत्विका और वनवासी भी कहा गया है। संविधान में आदिवासियों के लिए अनुसूचित जनजाति पद का उपयोग किया गया है। भारत के प्रमुख आदिवासी समुदायों में संथाल,गोंड, मुंडा, हो, बोडो, भील, खासी, सहरिया, गरासिया, मीणा, उरांव, बिरहोर आदि हैं। महात्मा गांधी ने आदिवासियों को गिरिजन (पहाड़ पर रहने वाले लोग) कह कर संबोधित किया था। इस पर वामपंथी मानविज्ञानियों ने प्रश्न उठाया था कि क्या ये मैदान में रहने वालों को मैदानी कहा जाता है। आदिवासी को दक्षिणपंथी लोग वनवासी या जंगली कहकर पुकारते हैं। इस तरह के नामों के पीछे बुनियादी रूप से यह धारणा काम कर रही होती है कि आदिवासी जंगल में वास करते हैं। वे देश के मूल निवासी हैं या नहीं तथा आर्य यहीं के मूल निवासी हैं या बाहर से आए हैं। भारत के मूलनिवासी कौन हैं, ये तमाम प्रश्न अभी भी भारतीय मानव विज्ञान में उलझा हुआ है। आमतौर पर आदिवासियों को भारत मे जनजातीय लोगों के रूप मे जाना जाता है। आदिवासी मुख्य रूप से भारतीय राज्यों उड़ीसा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल मे अल्पसंख्यक है जबकि भारतीय पूर्वोत्तर राज्यों में यह बहुसंख्यक हैं, जैसे मिजोरम। भारत सरकार ने इन्हें भारत के संविधान की पांचवी अनुसूची में अनुसूचित जनजातियों के रूप में मान्यता दी है। अक्सर इन्हें अनुसूचित जातियों के साथ एक ही श्रेणी अनुसूचित जातियों और जनजातियों मे रखा जाता है जो कुछ सकारात्मक कार्रवाई के उपायों के लिए पात्र है। आदिवासी के अपने जनजातीय संप्रदाय हैं, जो इस्लाम या वैदिक हिंदू धर्म से अलग हैं पर तांत्रिक शैव के अधिक करीब हैं। 19 वीं सदी के दौरान ईसाई मिशनरियों द्वारा इनकी एक बडी-संख्या का परिवर्तन कराकर ईसाई बना दिया गया। माना जाता है कि हिंदुओं के देव भगवान शिव भी मूल रूप से एक आदिवासी देवता थे लेकिन आर्यों ने भी उन्हें देवता के रूप मे स्वीकार कर लिया। जब सदानी जातियों की मूल जाती नागवंशियों ने छोटानागपुर में राज्य बनाया था। खुखर राज्य के पहले राजा नागवंशी फणीमुकूट राय थे जिन्होंने मुंडाओं के सहयोग से राज्य की स्थापना की थी। नाग जाति के बारे में अभी तक पर्याप्त शोध नहीं हुए हैं किन्तु डॉ. अम्बेडकर तथा कई अन्य विद्वानों ने जो प्रमाण और साक्ष्य जुटाए हैं वे नाग जाति के इतिहास के अस्तित्व को स्पष्ट स्थापित करते हैं। नाग जाति बहुत सुसंस्कृत, बहादुर और शांतिप्रिय जाति रही हैं इस जाति ने गौतम बुद्ध के नेतृत्व में सैकड़ों वर्षों तक ब्राह्मण धर्म के जातिभेद और छुआ दृ छूत के खिलाफ संघर्ष किया था। हिन्दूओं ने अपने बहुत से पर्व दृ त्योहार इस जाती के संस्कृति से लिए हैं प्रसिद्ध राजा शशांक इसी नाग जाति के थे। आदिवासियों का जिक्र रामायण में भी मिलता है, जिसमें राजा गोहु और उनकी प्रजा चित्रकूट में श्रीराम की सहायता करती है। आधुनिक युग में एक आदिवासी बिरसा मुंडा, एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ एक धार्मिक नेता भी थे। रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि भी एक भील आदिवासी थे। बहुत से छोटे आदिवासी समूह आधुनिकीकरण के कारण हो रहे पारिस्थिति की पतन के प्रति काफी संवेदनशील हैं। व्यवसायिक वानिकी और गहन कृषि दोनों ही उन जंगलों के लिए विनाशकारी साबित हुए हैं जो कई शताब्दियों से आदिवासियों के जीवन यापन का स्त्रोत रहे थे। आदिवासियों के विशेषज्ञ जे. जे. राय बर्मन के अनुसार आदिवासियों में सभी जातियां मूल आदिवासी जाति की केटेगरी में नहीं आतीं, इसी तरह मूल आदिवासियों में अनेक जनजातियां बाहर से आयी हैं। आज इन जनजातियों के लोग जहां रहते हैं वहां वे मूल रूप से नहीं रहते थे। मसलन मणिपुर के कूकी आदिवासी, मिजोरम के लूसिस जनजाति के लोग मूलतः दक्षिण चीन और चिन पर्वत के निवासी हैं। ये लोग कुछ सौ साल पहले ही स्थानान्तरित होकर भारत में आए हैं। कूकी को ब्रिटिश शासकों ने नागा बहुल इलाकों में बसाया था। जिससे नागा और वैष्णवपंथी मैइती जनजाति के बीच में बफर जॉन पैदा किया जाए। लूसी जनजाति से सैलो का संबंध है इसके मुखिया को ब्रिटिश शासकों ने ठेकेदार के रूप में बढ़ावा दिया जिससे वह मिजोरम में सड़कें बनाए। इस तरह अन्य जगह से लाकर बसाए गए आदिवासियों की बस्तियों का दायरा धीरे-धीरे त्रिपुरा तक फैल गया। जिसे इन दिनों तुइकुक के नाम से जानते हैं। यहा त्रिपुरा के राजा की नीति थी एउसने अपने राज्य में रियांग और चकमा जनजाति के लोगों को बाहर से लाकर बसाया। जिससे कॉटन मिलों के लिए झूम की खेती के जरिए कॉटन का अबाधित प्रवाह बनाए रखा जा सके। बोडो जनजाति के लोग मूलतः भूटान के हैं और बाद में वे असम में आकर बस गए। टोटोपारा इलाके के टोटो जनजाति के लोग भूटान से आकर उत्तर बंगाल की सीमा पर आकर बस गए। इनमें अनेक ऐसी जनजातियां भी हैं जो एक जमाने में अपराधी जाति के रूप में ही जानी जाती थीं उन्हें भूटान के राजा ने अपने राज्य से निष्कासित कर दिया था।

# प्रधानमंत्रीः मुख्य न्यायाधीश के यहाँ पूजा में शामिल होने के मायने

**लेखक -रघु ठाकुर**

भारत के मुख्य न्यायाधीश के घर पर गणपति की स्थापना की गई थी और 11 सितंबर को उनके घर पर गणपति पूजा में प्रधानमंत्री जी पहुँचे। समाचार पत्रों में उनके मराठी वेशभूषा और मराठी टोपी लगे हुए फोटो छपे। महाराष्ट्र के ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणजन सफेद टोपी पहनते हैं जो एक जमाने की गाँधी टोपी के समान होती थी। इस सफेद टोपी के पहनने के दो कारण संभव हैं। एक- तो यह कि महात्मा गांधी के प्रभाव में आजादी के आंदोलन के दिनां में गांधी टोपी को पहनना गांधीवादी होने का और आजादी के आंदोलन के समर्थक होने का प्रतीक था। दूसरे विदर्भ और महाराष्ट्र के बड़े इलाके में कपास पैदा होता था, कपास गर्म मौसम के क्षेत्रों में मुख्यतरू पैदा होता है और इसलिये ये कपास से बने सूत की सफेद टोपी, धोती लोगों को पहनना सुविधाजनक था। प्रधानमंत्री जी के भारत के मुख्य न्यायाधीश के घर पर जाने के बाद देश में विभिन्न प्रतिक्रियायें आई हैं और जो मुख्यतरू अपने-अपने राजनैतिक सोच के आधार पर बंटी हुई हैं। प्रधानमंत्री जी के समर्थकों ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के घर पर उनके कार्यकाल में हुई रोजा इफ्तार पार्टी में तत्कालीन भारत के मुख्य न्यायाधीश के शामिल होने वाले फोटो जारी किये हैं जिनमें वे प्रधानमंत्री निवास में इफ्तार पार्टी में शिरकत कर रहे हैं। श्री मोदी के समर्थकों ने यह भी तर्क दिया है कि अगर मुख्य न्यायाधीश इफ्तार पार्टी में जा सकते हैं तो मुख्य न्यायाधीश के यहां गणेश पूजा में प्रधानमंत्री क्यों नहीं जा सकते? आलोचक पक्ष ने यह टिप्पणी की है कि इस घटना से प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश के बीच कुछ पक रहा लगता है। कुछ ने यह भी लिखा चूंकि सी.जे.आई. शीघ्र ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं, इसलिये वह भविष्य की संभावनायें तलाश रहे हैं। भारत की सरकारों ने आज से नहीं बल्कि श्री मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले कांग्रेस के जमाने से ही कुछ संवैधानिक संस्थायें, यथा मानव अधिकार आयोग, प्रेस काउंसिल आफइंडिया आदि के मुखिया के पद सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के लिये वैधानिक रूप से आरक्षित कर दिये गये तथा इनका चयन सरकारें ही करती हैं। पिछले एक डेढ़ दशक में जिस प्रकार मुख्य न्यायाधीश के पद पर रहे लोगों ने राज्यपाल, राज्यसभा, आदि राजनैतिक पद ग्रहण किये हैं उससे इस धारणा को बल मिला है कि कोई भी व्यक्ति अपने स्वार्थ के या पद लोलुपता के लिये अपनी संवैधानिक मर्यादाओं व सम्मान को छोड़कर किसी भी सीमा तक गिर सकता है। यह एक आम राय बनी है। मुख्य न्यायाधीश महोदय गणपति पूजक हैं और उनके यहाँ पर परंपरानुसार प्रतिवर्ष गणपति पूजा होती होगी। अगर पिछले वर्षों में भी उन्होंने प्रधानमंत्री को दावत दी होती या प्रधानमंत्री जी उनके यहाँ आये होते तब शायद यह शंका बलवती नहीं होती। परंतु यह मुख्य न्यायाधीश के कार्यकाल के आखिरी समय अचानक और आश्चर्यजनक रूप से हुई घटना है। इसलिये भी लोगों को शंका करने का अवसर मिला। कुछ प्रधानमंत्री समर्थक मित्रों ने तो एक मुस्लिम न्यायाधीश का हवाला देकर लिखा है कि उन्हें जज बनाया गया फिर राज्यसभा में लाया गया और पुनरू उनकी जज के रूप में नियुक्ति हुई। यह घटना भी सही है और ऐसी अनेकों और भी घटनाओं का उदाहरण दिया जा सकता है। कांग्रेस सरकारों के जमाने में भी न्यायपालिकाओं को अपने अनुकूल बनाने के लिये हर प्रकार के हथकंडों का इस्तेमाल होता रहा है, यह निर्विवाद सत्य है। जस्टिस खन्ना, जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा और ऐसे ही कितने उदाहरण दिये जा सकते हैं। परंतु ऐसे उदाहरण देने वाले जाने-अनजाने यही सिद्ध करते रहे हैं कि मुख्य न्यायाधीश के घर की गणेश पूजा नहीं वरन गणेश परिक्रमा हो रही है। याने उद्देश्य कुछ हासिल करना है सरकार को भी और न्यायाधीश को भी। कई मित्रों ने यह संदेह व्यक्त किया था कि चूंकि 13 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर निर्णय होना है और यह न हो सके, ऐसा निर्णय हासिल करने के लिये प्रधानमंत्री गणपति पूजा में गये। हालांकि 13 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी आशा के विपरीत केजरीवाल को जमानत दे दी। मैं इस पूरे विवाद को योजनाबद्ध अपने-अपने हित साधक और एक अर्थ में व्यक्ति के प्रति मूल अविश्वास और अनास्था के रूप में देखता हूं। निसंदेह अनेकों मुख्य न्यायाधीशां और न्यायाधीशों ने सत्ता के समक्ष समर्पण किया है परंतु इस आधार पर न्यायाधीश पर उंगली उठाना उचित नहीं है। क्योंकि न्यायाधीश व्यक्ति होता है वह आयेंगे व जायेंगे परंतु न्यायपालिका जो एक संवैधानिक संस्था है, अगर उसकी जनविश्वसनीयता कम होगी तो यह लोकतंत्र के लिये बड़ा आघात होगा। अपनी सारी कमियों के बावजूद भी कम से कम अभी तक देश की जनता का विश्वास न्यायपालिका पर बना हुआ है और न्यायपालिका को वह संविधान और अपने अधिकारों के रक्षक के रूप में देखती है। देश की संसद पर विश्वास घटा है यह इससे ही सिद्ध हो जाता है कि सारे प्रचार व प्रसार के बावजूद भी पक्ष व विपक्ष को मिलाकर लगभग 60 प्रतिशत लोग ही मतदान करते हैं। याने शेष 40 प्रतिशत लोगों का विश्वास संसद से टूट चुका है। सरकारें तो मुश्किल से देश के 30-40 प्रतिशत के समर्थन से बनती हैं और एक अर्थ में वे देश के अल्पमत की प्रतिनिधि है। फिर जो सत्ता पक्ष व प्रतिपक्ष के मतदाता हैं आमतौर निजी बातचीत में, वे भी अपने दलों से संतुष्ट नहीं है और एक प्रकार से लाचारी में मतदान करते हैं। प्रशासन सत्ता के गुलाम जैसा व्यवहार करता है और वह पहले से ही अविश्वसनीय है। याने संविधान के दो खंभे विधायक और कार्यपालिका तो पूर्व में ही हिल चुके हैं। अब अगर न्यायपालिका का खंभा भी हिलेगा तो अराजकता का दौर होगा जैसा कि हम लोग बंगलादेश व दुनिया के अन्य देशों में देख रहे हैं। न्यायाधीश की भी अन्यों के समान कई भूमिकायें होती हैं, वह न्याय देने का संवैधानिक अधिकारी है,वह परिवार में अपने परिवार का हिस्सा है, वह समाज में अपने समाज का हिस्सा है, अगर वह धर्मावलंबी है, अपने धर्म को मानने वाला है। एक नागरिक के रूप में उसे मतदान का अधिकार है और वह अपने विचारों के अनुकूल वह करता है। तो न्याायाधीश के मिलने जुलने में क्या खतरा है? न्यायाधीश को न्याय के महलों के नाम के बंदी ग्रहों में क्यों बंद रहना चाहिये? दरअसल ब्रिटिशकाल में एक लीगल एथिक्स नाम की संहिता बनी थी। जो आज भी वकालत पेशे के लिये एक व्यावसायिक आदर्श मानी जाती है। हालांकि एथिक्स के नियमों का पालन वकील साहवान अपनी-अपनी सुविधा के अनुसार करते हैं। फीस व केस लेने की गुणवत्ता के बारे में तो नहीं ही करते। मैं श्री वाईके चंद्रचूड़ के ऊपर न कोई शक करता हूं न आरोपित करता हूं, जब तक कोई घटना उस आरोप को सिद्ध न करे। मैं एक इंसान के रूप में इंसान के प्रति आस्थावान हूं और हर अहिंसक, सिविल नाफरमानी के माध्यम से परिवर्तन करने वाले को मानव मात्र के प्रति आस्थावान होना चाहिए। जजों को मेरी राय में और अधिक सामाजिक बनना चाहिये। मेरी तो यह शिकायत है कि जब सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश केवल सत्ता केंद्रों तक या अपने घरों या चेम्बर तक सिकुड़कर रह जाते हैं तो उन्हें समाज की वास्तविकता का ज्ञान नहीं हो पाता। अगर न्यायाधीश महोदय भी यह परंपरा शुरू करें कि तीज-त्यौहारों पर वर्ग विशेष के लोगों के अलावा सामान्य लोगों को अपने बंद किलों के दरवाजे खोलें, उनसे मिले जुलें, संवाद करें तो वे ज्यादा बेहतर न्याय दे सकेंगे। कानून के शब्द होते हैं परंतु उसे लागू करने वाले का नजरिया महत्वपूर्ण होता है। मुझे याद है कि जब श्री मार्कंडेय काटजू सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे और उनके सामने एक गरीब तृतीय या चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी का मामला अपने बकाया की सुनवाई के लिये आया था। वह व्यक्ति 25-30 साल से अपनी थोड़ी सी राशि के लिये लड़ रहा था। श्रम न्यायालय, जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय और इन तीनों की लंबी अवधि की यात्रा पूरी कर वह सर्वोच्च न्यायालय पहुँचा था। उस गरीब के पास कोई वकील खड़ा करने की आर्थिक क्षमता नहीं थी और सरकार के विभागीय अधिकारियों की तरफ से महाधिवक्ता के पैनल के बड़े-बड़े वकील थे। जस्टिस काटजू ने फाईल को देखा और सरकारी वकील से पूछा कि आप लोगों को कितनी फीस मिली है। एक व्यक्ति को कुछ हजार रुपया नहीं देने के लिये तंत्र संगठित हो जाता है और सरकारी पक्ष की वकालत पर वकीलों पर लाखों रुपया खर्च हो जाता है। एक मिनिट् में ही उन्होंने बुजुर्ग से कहा कि बाबा तुम जीत गये और तुम्हें तुम्हारा पैसा मिलेगा। यह है न्यायाधीश की मानवता जो उसे कानून की किताब से नहीं बल्कि पारिवारिक संस्कार, उनकी सामाजिकता और समाज से अंतर संवाद से मिलती है। पहले याने 1950 से लेकर लगभग 1980 तक शीर्ष न्यायपालिका का सामाजिक संवाद ज्यादा था और इसीलिये उनका दृष्टिकोण मानव अधिकारों, सामान्य व्यक्तियों, गरीबों के प्रति भी संवेदनशील था। मैं न्यायपालिका के आचरण के कई उदाहरण दे सकता हूँ। मैं स्पष्ट कर दूँ कि मैं केवल व्यक्ति के प्रति मूल अविश्वास के खिलाफ हूँ। जब तक कि वह आरोपित सिद्ध न हो जाए। अन्यथा मैं न्यायपालिका का कटू आलोचक व भुक्त भोगी भी हूँ।

**(उक्त लेख में विचार लेखक के (स्वयं के हैं)**

# अब अदालत में लहसुन की सुनवाई

**लेखक - राकेश अचल**

मुझे आज लेबनान पर हो रहे हमलों पर लिखना था ,लेकिन लिख रहा हूँ लहसुन के बारे मे। हमारे देश की अदालतें इतनी दरियादिल हैं कि वे एक और यदि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की नागरिकता के मामले की सुनवाई करतीं हैं तो दूसरी तरफ लहसुन पर आयी याचिका की सुनवाई भी करतीं हैं और वो भी चीनी लहसुन के मामले की। लहसुन को हमारे यहाँ लशुन भी कहते है। लहसुन हालाँकि प्याज जाति का कंद है किन्तु प्याज की गाँठ होती है और लहसुन की कलियाँ। अदालत में विवाद उस लहसुन का है जो हमारा नहीं बल्कि चीन का है ,और चीनी लहसुन पर भारत सरकार ने रोक लगा रखी है ,फिर भी चीन का लहसुन भारतीय बाजारों में इफरात में बिक रहा हैमामला दिलचस्प है इसलिए मैंने दूसरे तमाम विषयों को तिलांजलि देकर लहसुन पर लिखा शुरू कर दिया। प्रतिबंध के बावजूद चीन के खतरनाक लहसुन के धड़ल्ले से देश में आने पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने खाद्य सुरक्षा आयुक्त और कलेक्टर को कार्रवाई करने का आदेश दिया है। फरियादी की ओर से पेश किए गए चीन के लहसुन को प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के पेश हुए अफसर से सील करवा दिया। अदालत ने 15 दिन में इसकी जांच रिपोर्ट मांगी है।इलाहबाद का हाईकोर्ट सचमुच सम्वेदनशील है। हर मामले में संवेदनशील है । राहुल गाँधी की नागरिकता के मामले में भी और चीनी लहसुन की बिक्री के मामले में भी। आपको ये जानकर हैरानी होगी की इलाहबाद हाईकोर्ट में लंबित मामलों की संख्या 10.74 लाख है। देश में 25 हाईकोर्ट में से इलाहाबाद हाईकोर्ट इस मामले में सबसे आगे है। ये राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) के आंकड़े हैं। बहरहाल लहसुन पर लौटते है। इलाहबाद हाईकोर्ट ने कहा कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त और लखनऊ के डीएम हेल्पलाइन नंबर जारी करें, जिससे लोग चीन के लहसुन की बिक्री की शिकायत उस पर दर्ज करवा सकें। कोर्ट ने इस नंबर पर मिलने वाली शिकायतों पर सख्त करवाई करने के निर्देश दिए हैं।न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया। मोतीलाल ने खतरनाक चीनी लहसुन की बिक्री की प्रकाशित खबरों को याचिका के साथ लगाकर इसपर सख्त प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया था। फरियादी का कहना है की देश में 2014 से ही इस लहसुन की बिक्री प्रतिबंधित है, इसके बावजूद बाजारों में यह खुलेआम बिक रहा है। लहसुन भले ही हमारे यहां औषधीय माना जाता है लेकिन कुछ लोग हैं जो इसे हाथ भी नहीं लगाते ,उनके लिए लहसुन अस्पृश्य है । हमारे वैद्य जी कहते हैं कि लहसुन में रासायनिक तौर पर गन्धक की आधिक्य होती है। इसे पीसने पर ऐलिसिन नामक यौगिक प्राप्त होता है जो प्रतिजैविक विशेषताओं से भरा होता है। इसके अलावा इसमें प्रोटीन, एन्ज़ाइम तथा विटामिन बी, सैपोनिन, फ्लैवोनॉइड आदि पदार्थ पाए जाते हैं।अक्सर लहसुन खली पेट खाने की सलाह दी जाती है। लहसुन को लेकर कहावते उतनी नहीं हैं जितनी प्याज को लेकर है। प्याज को काटा जाता है ,लहसुन को छीला जाता है । लहसुन की पैकेजिंग प्रकृति ने मक्के के भुट्टे की तरह बहुत आकर्षक तरीके से की है। जाहिर है कि ये विशेष कंद है अन्यथा इसे धरती के भीतर आलू की तरह उगने के लिए न छोड़ दिया जाता ? कहते हैं कि लहसुन एक दक्षिण यूरोप में उगाई जाने वाली प्रसिद्ध फसल है। भारत में लहसुन की खेती को ज्यादातर राज्यों में की जाती है लेकिन इसकी मुख्य रूप से खेती गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु में की जाती है। इसका 50 प्रतिशत से भी ज्यादा उत्पादन गुजरात और मध्यप्रदेश राज्यों में किया जाता है। हमारे यहां एग्रीफाउंड वाइट (जी. 41 ), यमुना वाइट (जी.1 ), यमुना वाइट (जी.50), जी.51 , जी.282 ,एग्रीफाउंड पार्वती (जी.313 ) और एच.जी.1 प्रजाति का लहसुन मिलता है ,लेकिन हमारे पड़ौसी देश चीन ने हमारे लहसुन के सामने अपना लहसुन खड़ा कर दिया। आपको शायद पता हो या न हो लेकिन भारत में साल 2014 से ही प्रतिबंधित किया गया ,लेकिन चाइनीज लहसुन भारतीय मंडियों और खुदरा बाजार में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है. जिस लहसुन को देसी समझकर आप अपने घर ले जा रहे हैं और दाल-सब?जी में तड़का मारकर खा रहे हैं, वह सिंथेटिक रूप से खतरनाक कैमिकल?स से बना फंगस वाला चाइनीज लहसुन हो सकता है। चीनी लहसुन का अवैध व्यापार एक लम्बे अरसे से जारी है। चीन अक्सर नेपाल और बांग्लादेश के रास्ते इसकी यहां डंपिंग करता है. इन दोनों ही देशों के साथ भारत लहसुन का ड्यूटी फ्री व्यापार करता है. भारत पहुंचने वाला चीनी लहसुन कई बैक्टीरिया और बीमारियों को साथ लेकर पहुंचता है. ये लोगों की सेहत पर असर डालता है. हाल में एक वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि चीन में लहसुन 'सीवर के पानी' में पैदा होता है. इसे सफेद दिखाने के लिए आर्टिफिशियल तरीके से 'ब्लीच' किया जाता है। आपको शायद पता न हो लेकिन हकीकत ये है द्मद्ब भारत में करीब 32.7 लाख टन लहसुन का उत्पादन होता है. भारत में सबसे ज्यादा लहसुन का उतपादन मध्य प्रदेश में होता है।

**(उक्त लेख में विचार लेखक के (स्वयं के हैं)**

## दिव्यता की विविधता




ईश्वर ने दुनिया की छोटी-छोटी खुशियां तो तुम्हें दे दी हैं, लेकिन सच्चा आनन्द अपने पास रख लिया है। उस परम आनन्द को पाने के लिए तुम्हें उनके ही पास जाना होगा। ईश्वर को पाने की चेष्टा में निष्कपट रहो। एक बार परम आनन्द मिल जाने पर सब-कुछ आनन्दमय है। परमानन्द के बिना संसार की खुशियां अस्थाई हैं। तुमने ईश्वर को सदैव पिता के रूप में देखा है परंतु क्या तुम ईश्वर को एक शिशु के रूप में देख सकते हो? जब तुम ईश्वर को शिशु के रूप में देखते हो तो तुम्हारी कोई मांग नहीं होती। ईश्वर तो तुम्हारे अस्तित्व का अन्तःकरण है। ईश्वर तुम्हारा शिशु है। वे तुमसे बच्चे की तरह चिपककर रहते हैं जब तक तुम वृद्ध होकर मर नहीं जाते। संसार में उनके पोषण के लिए उन्हें तुम्हारी आवश्यकता है। साधना, सत्संग और सेवा ईश्वर के पोषक आहार हैं। ईश्वर अनेक क्यों नहीं हो सकते? यदि ईश्वर ने मनुष्य को अपनी ही छवि के अनुसार बनाया है, तो उनकी छवि क्या है? अफ्रीकी, मंगोलियन, कॉकेसियन, जापानी या फिलिपिनो? मनुष्य इतने प्रकार के क्यों हैं, वृक्ष सिर्फ एक प्रकार का नहीं होता। सांप, बादल, मच्छर या सब्जी सिर्फ एक प्रकार के नहीं। तो फिर केवल ईश्वर को ही एक क्यों होना चाहिए? जिस चेतना ने इस सम्पूर्ण सृष्टि की रचना की है और जो विविधता प्रेमी है, वह नीरस कैसे हो सकती है? ईश्वर को विविधता पसंद है, तो वे भी अवश्य ही वैविध्यपूर्ण होंगे। ईश्वर अनेक नाम, रूप और प्रकार से अभिव्यक्त होते हैं। कुछ विचार-धारा के व्यक्ति ईश्वर को उनके विभिन्न रूपों में प्रकट होने की स्वतंत्रता नहीं देते। वे उन्हें एक ही रूप में चाहते हैं। अवसर के अनुसार जब तुम अपना रूप बदलते हो तो फिर कैसे सोच सकते हो कि चेतना में कोई विविधता न हो? हमारे पूर्वज इस बात को समझते थे इसीलिए, उन्होंने दिव्यता के अनन्त गुणों व रूपों का ज्ञान कराया। चेतना नीरस और उबाऊ नहीं है। जो चेतना इस सृष्टि का आधार है, वह गतिमान और परिवर्तनशील है। ईश्वर एक ही नहीं, अनेक हैं। जब तुम दिव्यता की विविधता को स्वीकार करते हो, तब कट्टर और रूढ़िवादी नहीं रह जाते।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव में सच और झूठ की लड़ाई?

**लेखक- सनत जैन**

हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम स्तर पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को हरियाणा के चुनाव प्रचार के लिए कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन संवाद किया। इस संवाद पर उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, कांग्रेस का आधार सिर्फ झूठ बोलने का है। कांग्रेस बड़े-बड़े झूठे दावे कर रही है। कांग्रेस के झूठे दावे का करंट कमजोर हो चुका है। मोदी ने कांग्रेस के ऊपर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस अधिकतर समय गुटबाजी और कांग्रेस नेताओं का हिसाब चुकता करने में बीतता है। कांग्रेस जनता के मुद्दों से दूर हो गईं है। हरियाणा की जनता को कांग्रेस के झूठ पर विश्वास नहीं है। हरियाणा में कांग्रेस यदि धोखे से जीत भी गई, तो यहां गांधी परिवार और उनके जीजा का राज होगा। मोदी जी ने कहा कांग्रेस की आंतरिक कलह से हरियाणा का बच्चा-बच्चा परिचित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को झूठी पार्टी बताते हुए, भाजपा कार्यकर्ताओं से हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ युद्ध करने का शंखनाद किया है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव में झूठ को लेकर कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं।उससे ऐसा लगता है, महाभारत की युद्ध भूमि में एक बार फिर से धर्म और अधर्म अर्थात झूठ और सच की लड़ाई लड़ी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा के चुनाव प्रचार में पहली बार पहुंचे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक-एक झूठ पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी भारत में चीन का माल बेचना चाहते हैं। भारत में माल नहीं बनाना चाहते हैं। जिसके कारण हरियाणा के युवाओं को ना तो नौकरी मिल रही है, नाही रोजगार मिल रहा है। चीनी कंपनियों की लिस्ट देखिए,भारत में उनका पार्टनर कौन है। नरेंद्र मोदी झूठ की मार्केटिंग पिछले कई वर्षों से कर रहे हैं। हरियाणा के युवा चोरी-छिपे भाग कर अवैध रूप से लाखों रुपए खर्च करके विदेश जा रहे हैं। बच्चे अपने माता-पिता से मिलने विदेश में चीख और चिल्ला रहे हैं। हरियाणा में कोई जॉब नहीं है। उन्होंने कहा मैं झूठ नहीं बोलता हूं। झूठ बोलना मोदी जी का काम है।10 साल से हरियाणा में भाजपा की सरकार है। इन्होंने कितना झूठ बोला है, यह हरियाणा की जनता को पता है। राहुल ने कहा कि हम कल जम्मू कश्मीर गए थे। वहां के सेव का व्यापार पूरी तरह से ढप्प हो गया है।कश्मीर के सेव का व्यापार अदाणी को मोदी जी ने दे दिया है। हरियाणा में नशे की गंगा बह रही है। हरियाणा के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। नौकरी नहीं मिल रही है। गुजरात के अदानी पोर्ट से हजारों किलो ड्रग्स भारत में बेचा जा रहा है। हरियाणा के युवा नशे के शिकार हो रहे हैं। राहुल गांधी ने 2013 से 2024 के बीच में बोले गए मोदी जी और भाजपा के झूठ की गिनती कराते हुए, राहुल ने अपने आप को सच बोलने वाला बताया। राहुल गांधी ने मोदी जी को झूठ बोलने वाला नेता बताया। हरियाणा के चुनावी मैदान में सच और झूठ की यह लड़ाई मतदाताओं के सहारे, कांग्रेस और भाजपा द्वारा लड़ी जा रही है। जिस तरह से एक दूसरे के ऊपर झूठ बोलने के आरोप दोनों ही पक्षो द्वारा एक दूसरे के ऊपर लगाए जा रहे हैं। उससे कौरव-पांडवों के बीच हुए युद्ध की यादें ताजा हो जा रही हैं। धर्म और अधर्म की लड़ाई, कौरव और पांडवों के बीच में महाभारत का युद्ध लड़ा गया था। ठीक वैसे ही हरियाणा विधानसभा चुनाव का युद्ध कुरुक्षेत्र की भूमि में होता हुआ दिख रहा है। हरियाणा के चुनाव में कौन सच्चा है, कौन झूठा है। इसका फैसला चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा। राहुल गांधी ने अपने आप को युद्धिष्ठर के रूप में पहचान बनाने की कोशिश की है। हरियाणा की जनता ने पिछले 10 सालों में डबल इंजन की सरकारों का सच और झूठ दोनों का अनुभव किया है। कांग्रेस ने पिछले 10 सालों में क्या किया है। यह भी हरियाणा जनता ने देखा है।

**(उक्त लेख में विचार लेखक के (स्वयं के हैं)**




राशिफल
शुभ संवत 2081 शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, आश्वनि कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय, शुक्रोदय पश्चिमी तिथि द्वादशी, रविवासरे, 28/24, 5/36 मघा नक्षत्र, साध्य योगे 52/25, तैतिल करणे, 28/54 सिंह की चंद्रमा, द्वादशी श्राद्धम, सन्यासी पति वैष्वाणाम श्राद्धम, धान्य छेदन, उग्रकर्म, जातकर्म, नामाकरण, व्यापार मुहूर्त, तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......
आज जन्म लिया बालक योग्य, चतुर, होशियार, शिक्षक, शिक्षविद्, शिक्षाशास्त्री, उत्तम बुद्धि वाला, योगी-भोगी, धनी होगा।


मेष- दूर की यात्रा सफलता पूर्वक होगी, शत्रु पक्ष कमजोर होगा, कार्य में अवरोध होगा, धैर्य रखें।
वृष - अच्छे गुणों की हानि होगी, स्त्री-संतान के कार्यों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, सावधान रहें।
मिथुन - आर्थिक कमी के कारण मानसिक क्लेश होगा, संतान पक्ष से कष्ट होगा, समय को ध्यान में रखकर आगे बढ़ें।
कर्क - प्रिय-जनों से भेंट-मिलाप होगा, स्थिति में सुधार होगा, साधनों की प्राप्ति होगी, कार्य पर विशेष ध्यान दें।
सिंह - संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें, सभी कार्य में प्रगति होगी, रुके कार्य ध्यान देने से बनेंगे, आलस्य से हानि होगी।
कन्या - राजकीय तथा नौकरी के कार्यों में सफलता मिलेगी, परिश्रम से लाभ होगा, कार्य को समय पर पूरा करें।
तुला - यात्रा से हित का अवसर मिलेगा, विचारों का आदान-प्रदान होगा, वरिष्ठ जनों से मेल-मुलाकात होगी।
वृश्चिक - स्वजनों का साथ मिलेगा, प्रयत्न से धन एवं वाहन की प्राप्ति होगी, आलस्य से हानि, कार्य पर ध्यान दें।
धनु - साहसिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी, भाग्योन्नति से पत्नी व संतान के दायित्वों की पूर्ति होगी, समय का लाभ लें।
मकर- व्यवसाय में कोई परिवर्तन नहीं होगा, कार्य में बाधा बनेगी, व्यापार-व्यवसाय में ध्यान देने से लाभ होगा।
कुंभ - उद्योग में बाधायें आयेंगी किन्तु यात्रा अवश्य करें, रुके कार्य समय पर पूर्ण करने का प्रयास अवश्य करें।
मीन - अध्ययन में रुचि बढ़ेगी, मानसिक व शारीरिक भ्रम-बाधा बनेगी, कार्य की अधिकता रहेगी, श्रम से लाभ होगा।

## आज का सुविचार

हमे हमेसा यह याद रखना चाहिए की ख़ुशी जीवन की यात्रा का एक तरीका है न की जीवन की मंजिल।
**- रॉय गुडमैन**

यदि आप अपनी यादाश्त का परिक्षण करना चाहते है तो याद करे की आज आप एक साल पहले क्या चिंता कर रहे थे।
**- ई. जोसेफ कॉसमैन**

## आज का कार्टून



# सांसद व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की संकल्पना से नागपुर में बना देश का पहला बर्डपार्क




संवाददाता ■ नागपुर

एक पार्क, जो नगर निगम द्वारा बनाए गए पार्क की पारंपरिक प्रतिकृति को दर्शाता है, हाल ही में आईटी पार्क, ऊर्जा पार्क और इसी तरह के विभिन्न %पार्क% के साथ स्थापित किया गया है। इसके नाम में पार्क शब्द है। लेकिन वहां न तो पेड़ हैं और न ही पक्षी, केवल ऊंची-ऊंची सीमेंट की इमारतें खड़ी हैं। तो पार्क वास्तव में पार्क ही है या कुछ और। लेकिन नागपुर में नागपुर-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थापित %बर्ड पार्क% वास्तव में एक चुनौती है। एक कल्पनाशील जन प्रतिनिधि विभिन्न विचारों को क्रियान्वित करके किस प्रकार एक शहर का विकास कर सकता है, एक पार्क इसका अच्छा उदाहरण है। नागपुर के सांसद और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा परिकल्पित यह पक्षी पार्क देश का पहला है और इसका उद्घाटन आज किया जा रहा है।

यह ऑक्सीजन पार्क गडकरी की अवधारणा और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की पहल के माध्यम से नागपुर-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर वर्धा मार्ग पर जामथा क्लोवर लीफ में साकार हुआ है। 14.32 करोड़ की यह परियोजना करीब 20 एकड़ में क्रियान्वित की गयी है. यहां केवल पक्षियों के लिए विशेष फलों के पेड़ लगाए गए हैं। इस पार्क का महत्व केवल ऑक्सीजन प्रदान करने वाला क्षेत्र ही नहीं है। यह क्षेत्र विभिन्न प्रजाति के पक्षियों के आश्रय स्थल के रूप में उपयोगी होगा। दिलचस्प बात यह है कि ऑक्सीजन पार्क 11 हेक्टेयर क्षेत्र में 8,104 प्रकार के पौधों के साथ विकसित किया गया है। इस परियोजना में प्राकृतिक झीलों को भी शामिल किया गया है।

इस क्षेत्र में पाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के पक्षियों का अवलोकन करना और नागरिकों का मनोरंजन करना। पक्षी पार्क विकसित करने के पीछे का उद्देश्य हरित स्थान उपलब्ध कराना था। विभिन्न प्रकार की पक्षी प्रजातियों के लिए एक सुरक्षित और प्राकृतिक आवास। प्राकृतिक वातावरण में स्थित इस पार्क का उद्देश्य स्थानीय और प्रवासी पक्षियों की आबादी की रक्षा करना है। इस पहल को व्यापक बुनियादी ढांचा परियोजना में अतिरिक्त कार्य के रूप में शामिल किया गया है

कमल/लिली पैड तालाब- तालाब विभिन्न प्रकार के कमलों का घर होगा और जल लिली, जलपक्षी और भूमिगत जलीय पुनर्भरण के लिए आवास प्रदान करेगा। यह सृजन भी करेगा. बढ़ी हुई आर्द्रता के साथ सूक्ष्म आवास। वाटरशेड होने से गहराई में बसे निवासियों और प्रवासियों दोनों को आकर्षित करने की क्षमता है।

रीड बेड- तालाब के पीछे स्थित, यह रीड बेड वॉटरहेन्स, मूरहेन्स और रीड वॉर्ब्लर्स जैसे पक्षियों के लिए एक आदर्श आवास प्रदान करेगा, विशेष रूप से उन पक्षियों के लिए जिनकी प्रवास के दौरान आवश्यकता होती है।

बम्बुसेटम- इस क्षेत्र में मूल भारतीय बांस बड़े पैमाने पर लगाए गए हैं। बांस की प्रजातियां धूल और ध्वनि प्रदूषण को कम करने, वाहन उत्सर्जन को अवशोषित करने और इस तरह मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करेंगी।

वृक्षारोपण क्षेत्र- 6-हेक्टेयर पार्क से आगे तक फैले इस क्षेत्र में देशी वृक्ष प्रजातियाँ और झाड़ियाँ शामिल होंगी। यह वन्य जीवन को आकर्षित करेगा, शोर और धूल को कम करेगा और वायु की गुणवत्ता में सुधार करेगा।

